प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

विपक्ष के खिलाफ भाजपा की सियासी रणनीति तैयार पेज-2

हाईवे पर ट्रक से भिड़ा ट्रक, युवक की मौत पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 119 | सोमवार 20 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# पीएम मोदी का ममता सरकार पर प्रहार

## -न पढ़ाई, न कमाई, न दवाई और न सिंचाई.. बंगाल बेहाल

(एजेंसी) झारग्राम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के झारग्राम में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल का यह चुनाव, इस धरती की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है, बंगाल की पहचान बचाने के लिए है। आज बंगाल पर उसकी पहचान खोने का खतरा मंडरा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यहां टीएमसी जिस रास्ते पर चल रही है, उसका एजेंडा बहुत खतरनाक है। टीएमसी घुसपैठियों के लिए, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है। एक ऐसी सरकार जो सिर्फ घुसपैठियों का मजहब, घुसपैठियों की भाषा और घुसपैठियों के तौर–तरीकों की रक्षा करेगी। उस घुसपैठिया सरकार के लिए अगर कोई दुश्मन होगा तो यहां बैठे हुए भाई–बहन ही घुसपैठियों के दुश्मन होंगे। इसलिए बंगाल का हर समाज, हर वर्ग, हर क्षेत्र इस बार ठान चुका है, संकल्प ले चुका है। उन्होंने कहा कि बंगाल का यह चुनाव इस भूमि



की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है। यह बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। आज बंगाल के अपनी पहचान खोने का डर मंडरा रहा है। टीएमसी का एजेंडा बेहद खतरनाक है। टीएमसी का उद्देश्य ऐसी सरकार बनाना है, जो मूल निवासियों के धर्म, भाषा और रीति–रिवाजों की रक्षा करने के बजाय घुसपैठियों के धर्म, भाषा और रीति–रिवाजों की रक्षा को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि टीएमसी की निर्मम सरकार को आपने 15 साल दिए। 15 साल कम समय नहीं होता है। 15 साल में टीएमसी सरकार ने आपको क्या दिया, आदिवासी क्षेत्रों को क्या मिला? न पढ़ाई, न कमाई, न दवाई और न ही सिंचाई... यहां सब कुछ बेहाल है। घर बनवाने के लिए टीएमसी के गठबंधन पर निर्भर रहना पड़ता है। टीएमसी के सांसद और विधायक आपकी समस्याओं से बेपरवाह हैं। वे तो बस अपनी तिजोरियां भरने में व्यस्त हैं। बंगाल में टीएमसी के गुंडों ने आदिवासियों की हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे लोग बताते हैं, यहां अगर एक बार बिजली चली जाए तो कई–कई दिन बाद आती है। कई बार आती ही नहीं। बिजली तो नहीं आती, लेकिन बिजली का भारी–भरकम बिल जरूर आता है। यहां आप अंधेरे में हैं और टीएमसी के नेताओं के बंगले–गाड़ियां चकाचक चमक रहे हैं। इसी कारण मोदी ने संकल्प लिया है, यहां के कोयले को लूटने वालों को, आपको अंधेरे में रखने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। चुन–चुन कर इन लुटेरों का हिसाब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आपने पीएम बनाया है, अब यहां भी भाजपा का सीएम बनाइए। मैं आपको गारंटी देता हूं कि यहां बिजली भी पर्याप्त आएगी और बिजली के बिल से भी मुक्ति मिलेगी। एक तरफ टीएमसी बिजली से जमकर मुनाफा कमा रही है, वहीं दूसरी तरफ मोदी आपके बिजली बिल को शून्य करने में लगे हैं। मोदी ने बिजली बिल को शून्य करने की योजना लागू की है। यह प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रयास किया कि 2029 से महिलाओं को आरक्षण का फायदा मिलना शुरू हो जाए, लेकिन महिला विरोधी टीएमसी ने संसद में इसका विरोध किया। टीएमसी ने हर प्रकार का छल और प्रपंच किया ताकि बंगाल की 33 प्रतिशत महिलाएं एमएलए और एमपी न बन पाएं। अब बंगाल की महिलाओं को टीएमसी के इस पाप के लिए उसे सजा देनी है।

## चारधाम यात्रा का शंखनाद, सीएम धामी ने गंगोत्री धाम में की पूजा, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

(एजेंसी) गंगोत्री। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को श्री गंगोत्री धाम में पूजा–अर्चना की, मंदिर के द्वार औपचारिक रूप से खोल दिए गए, जो वार्षिक चार धाम यात्रा के प्रारंभ का प्रतीक है। उसी दिन यमुनोत्री धाम के द्वार भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। दोनों तीर्थस्थलों को फूलों से सजाया गया। अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को संभालने




के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। इस अवसर पर धूमधाम से उत्सव मनाया गया, जिसमें ढोल दमाऊ और रानसिंघा जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण गूंज उठा। गढ़वाल राइफल्स बैंड ने भी इसमें भाग लिया, जिससे देवी का उनके ग्रीष्मकालीन निवास में स्वागत करते समय समारोह में एक औपचारिक स्पर्श जुड़ गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, पुजारियों, साधुओं और अधिकारियों ने जुलूस में भाग लिया, जो तीर्थयात्रा से जुड़ी सामूहिक आस्था और एकता को रेखांकित करता है। इसी बीच रविवार को ओंकारेश्वर मंदिर से भगवान केदारनाथ की औपचारिक डोली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो हिमालय में स्थित केदारनाथ धाम की उसकी वार्षिक यात्रा की शुरुआत का संकेत है। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी प्रतिमा, जो उखीमठ में अपने शीतकालीन निवास स्थान पर रहती है, को वैदिक मंत्रों, भक्ति संगीत और भक्तों की उत्साही भागीदारी के साथ एक भव्य जुलूस में ले जाया गया। मंदिर परिसर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, लगभग आठ क्विंटल फूलों का उपयोग आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ाने के लिए किया गया था। श्रद्धालुओं ने उत्सव के हिस्से के रूप में सामुदायिक भोज या भंडारा का आयोजन भी किया। जुलूस के दौरान गढ़वाल राइफल्स ने एक प्रमुख औपचारिक भूमिका निभाई, जिसमें सैन्य परंपरा को लंबे समय से चली आ रही धार्मिक रीति–रिवाजों के साथ मिश्रित किया गया। कार्यक्रम के अनुसार, डोली पहली रात फाटा में रुकेगी और सोमवार को गौरीकुंड के लिए रवाना होगी। इसके 21 अप्रैल को केदारनाथ धाम पहुंचने की उम्मीद है, जहां प्रतिमा को मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। केदारनाथ मंदिर के द्वार 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे पूर्ण वैदिक अनुष्ठानों के साथ खुलने वाले हैं, जिसके बाद 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के द्वार भी खुलेंगे। देशभर से हजारों श्रद्धालु इस तीर्थयात्रा के लिए एकत्रित हुए हैं, जो चार धाम यात्रा के गहरे धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व को उजागर करता है।

## मनरेगा के लिए केंद्र का बड़ा कदम, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किए 17,744 करोड़ रुपये

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महात्मा गांधी नरेगा के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वित्तीय वर्ष 2026–27 की पहली किस्त के रूप में, मजदूरी घटक की मद में 17,744.19 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा रही है उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे इन फंड्स का समय पर और प्रभावी ढंग से इस्तेमाल सुनिश्चित करें, ताकि मजदूरी का भुगतान बिना किसी देरी के किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जरूरी फंड्स, सामग्री और प्रशासनिक घटकों के तहत भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा के तहत काम जमीनी स्तर पर बिना किसी रुकावट के और लगातार चलते रहने चाहिए। शिवराज सिंह चौहान ने इस बात पर भी जोर दिया कि मजदूरों को समय पर काम उपलब्ध कराना और मजदूरी का तुरंत भुगतान सुनिश्चित करना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राज्यों को सलाह दी गई कि वे ग्राम पंचायत स्तर पर काम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी मजदूर को रोजगार के लिए इंतजार न करना पड़े। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रोजगार की मांग करने वाले हर मजदूर को तय समय सीमा के भीतर काम दिया जाना चाहिए, और सभी स्तरों पर मजदूरी का भुगतान बिना किसी देरी के सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि काम की जगहों के प्रभावी प्रबंधन की जरूरत पर जोर दिया और राज्यों से आग्रह किया कि वे उन योग्य ग्रामीण परिवारों को जॉब कार्ड जारी करने को प्राथमिकता दें, जिन्हें अभी तक इसके दायरे में नहीं लाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इच्छुक परिवारों को एक तय समय सीमा के भीतर रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी योग्य परिवार आजीविका के अवसरों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय एक




महत्वपूर्ण बदलाव का दौर है, जिसमें महात्मा गांधी नरेगा के तहत रोजगार को बनाए रखना जरूरी है, और साथ ही वीबी–जी राम जी ऐक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी जरूरी तैयारियां भी पूरी करनी हैं। वीबी–जी राम जी ऐक्ट के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के मजदूरी वाले रोजगार की कानूनी गारंटी देकर, एक दूरदर्शी और सशक्तीकरण–आधारित ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन को संभव बनाने के लिए सभी प्रारंभिक कार्य एक तय समय सीमा के भीतर पूरे करें।

## आधी आबादी के मन में विपक्ष को लेकर भारी आक्रोश है : सीएम योगी

(एजेंसी) लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सीएम योगी ने कहा कि जब पीएम मोदी ने वर्ष 2014 में देश की सत्ता अपने हाथों में ली थी, तब उन्होंने एक बात स्पष्ट की थी। उन्होंने कहा था कि देश में चार ही जातियां हैंरू नारी, गरीब, युवा और किसान। उन्होंने कहा कि भारत को कमजोर करने की नीयत से जातिवाद के नाम पर खुद के परिवार का भरण–पोषण करके उन्होंने देश को लूटा है। उनके लिए यह (नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक) चुनौती थी। सीएम योगी ने पीएम मोदी के नेतृत्व में कोई भी प्रोग्रेसिव कदम उठाया है, कांग्रेस और उसके जितने भी पार्टनर हैं, हमेशा विरोध करते रहे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी के मन में विपक्ष के इस नारी विरोधी आचरण के बारे में भारी आक्रोश है। वह आक्रोश समाजवादी पार्टी, राजद, टीएमसी, डीएमके और उन दलों का है जो इस पाप में भागीदार थे, उनके प्रति महिला का आक्रोश देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की ओर से समाज और देश के हित में जो कदम उठाए गए हैं, उनके सामने कैसे बैरियर के रूप में और उन कदमों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए इंडी गठबंधन किस हद तक जाकर षड्यंत्र करता है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ था, लेकिन जब महिला संगठनों और सामाजिक संगठनों ने इस बात की मांग की कि यह अधिनियम 2034 के बजाए 2029 में लागू हो, उनकी मांग के अनुसार पीएम मोदी ने सभी पक्षों से विचार–विमर्श करने के बाद केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में आवश्यक संशोधन लेकर आई। सीएम योगी ने कहा कि कुछ राज्यों ने इसके बारे में मांग उठाई थी कि ऐसा न हो कि इसके माध्यम से उनके हक को कम कर दिया जाए। पीएम मोदी ने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करते वक्त तय किया था कि किसी का हक नहीं छीना जाएगा। 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए अतिरिक्त सीट लोकसभा और विधानसभा में बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे किसी का हक कम नहीं होता, केवल एक ही इच्छा थी कि सदन मिल कर भारत की नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ संशोधन विधेयक पारित



कर 2029 में उनका अधिकार दे दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में विपक्ष की ओर के किस प्रकार की गैर–जिम्मेदाराना टिप्पणियां और आचरण किया गया, यह किसी से छिपा नहीं है। सर्वसम्मति से पास होता तो पूरे सदन को इसके श्रेय मिलता। नारी को उसका हक मिलता। सीएम ने कहा कि सपा ने मुद्दा छेड़ा कि मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण क्यों नहीं मिल पा रहा है? ये संविधान की दुहाई देते हैं, लेकिन बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की भावनाओं के प्रतिकूल इनका आचरण देखने को मिला। सीएम ने कहा कि जब भारत के संविधान का निर्माण हो रहा था तो उस समय भी धर्म के आधार पर आरक्षण देने की मांग उठी थी। सभी पक्षों ने इसका विरोध किया था। बाबासाहेब ने इसको लेकर बहुत तीखी टिप्पणी लिखी थी कि एक बार विभाजन हो गया है, भारत दूसरे विभाजन के लिए तैयार नहीं हो सकता। सरदार वल्लभभाई पटेल ने इसका विरोध किया था। सभी सदस्यों ने इसका विरोध किया था। आज जब वे मुस्लिम महिलाओं की बात करते हैं, तब वे कहां थे? शाह बानों प्रकरण में कांग्रेस की सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया।

## ईमानदारी के बजाय देश को गुमराह, ममता बनर्जी का पीएम मोदी पर तीखा हमला, महिला आरक्षण-परिसीमन को लेकर केंद्र को घेरा

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर अपने संबोधन में देश को



गुमराह करने का आरोप लगाया। महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे पर बढ़ते विवाद के बीच उन्होंने अपनी पार्टी के रुख का बचाव भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने व्हाट्सएप चौनल पर एक पोस्ट में कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने ईमानदारी से बात करने की बजाय देश को गुमराह करना पसंद किया। उन्होंने केंद्र सरकार के रुख का कड़ा विरोध करते हुए अपनी बात रखी। जोर देकर कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने हमेशा राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का समर्थन किया है और उन सुझावों को खारिज कर दिया कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण का विरोध करती है। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के उच्च राजनीतिक प्रतिनिधित्व की वकालत की है। संसद और राज्य विधानमंडल दोनों में हमारे पास निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का अनुपात सबसे अधिक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकसभा में उनकी पार्टी की 37.9 प्रतिशत और राज्यसभा में नामांकित सदस्यों में 46 प्रतिशत महिलाएं हैं, इसलिए महिला आरक्षण के विरोध का सवाल ही नहीं उठता। हालांकि, सुश्री बनर्जी ने प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया का कड़ा विरोध किया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इसे राजनीतिक लाभ के लिए थोप रही है। उन्होंने कहा, हम मौलिक रूप से उस परिसीमन प्रक्रिया के खिलाफ हैं जिसे मोदी सरकार अपने निहित राजनीतिक एजेंडे के लिए महिलाओं को ढाल बनाकर आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह कदम बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान को बदलने जैसा होगा और चेतावनी दी कि इससे अन्य राज्यों की कीमत पर भाजपा शासित राज्यों को अधिक प्रतिनिधित्व मिल सकता है। इसे श्संघीय लोकतंत्र पर हमलाश बताते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने के बाद इसके क्रियान्वयन में देरी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, अगर यह सरकार इस नेक काम के प्रति वाकई गंभीर थी, तो उसने लगभग तीन साल तक इंतजार क्यों किया? जब कई राज्यों में चुनाव हैं तब इसे जल्दबाजी में क्यों लाया जा रहा है? और इसे परिसीमन के साथ क्यों जोड़ा गया? बनर्जी ने प्रधानमंत्री के संवाद करने के तरीके पर भी निशाना साधा और उनसे संसद में इन मुद्दों पर बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, अगली बार जब आप राष्ट्र को संबोधित करें, तो संसद के पटल से ऐसा करने का साहस जुटाएं, जहां आपकी जांच और जवाबदेही तय होती है। उन्होंने प्रधानमंत्री की हालिया टिप्पणियों को श्पाखंडश करार दिया। उनकी यह टिप्पणी महिला आरक्षण के कार्यान्वयन और प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया पर चल रहे बड़े राजनीतिक टकराव के बीच आई है, जिसने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस छेड़ दी है। कई राज्यों में आगामी चुनावों के साथ यह मुद्दा एक प्रमुख केंद्र बन गया है।

## राहुल की बहन और अखिलेश की पत्नी सांसद बन सकती हैं लेकिन देश की बहन-बेटी नहीं: सम्राट चौधरी

(एजेंसी) पटना। लोकसभा में महिला आरक्षण का संविधान संशोधन विधेयक गिरने के बाद इसपर सियासत जारी है। पक्ष और विपक्ष इस विधेयक को लेकर अपनी–अपनी दलीलें दे रहे हैं। इस बीच बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसे लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घेरा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति से जुड़े विधेयक का अपमान हुआ, धोखा हुआ। लोकतंत्र के इतिहास में यह पहली घटना थी जब कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी जैसे लोग खुशी मना रहे हैं। दुनिया ने देखा है कि लालू प्रसाद पहले भी बिल को फड़वाने का काम करते था। इस बार तो खुल्लम–खुल्ला ऐसा हुआ। लोकतंत्र में अपनी घर की बेटी तो सांसद बन जाए लेकिन दूसरे की बेटी या परिवार का सदस्य नहीं बने। राहुल गांधी की बहन सांसद बन सकती हैं लेकिन यूपी से एक तिहाई सीट पर बहनें चुनाव जीत कर जाए यह कांग्रेस नहीं मान सकती है। समाजवादी पार्टी में अखिलेश यादव की पत्नी चुनाव जीत सकती हैं लेकिन वहां से 40 सांसद हमारी बहनें बन जाए ऐसा होने से इन लोगों ने रोक रखा है। अगर 16 तारीख को विधेयक पारित होता तो यह ऐतिहासिक दिन होता। तीन बिल आने थे इन लोगों ने तीनों का विरोध किया। यदि यह बिल पारित हो जाता तो बिहार जैसे राज्य में 122 विधायक महिलाएं होंती। अभी सिर्फ 29 महिला विधायक हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि देश की महिलाओं के साथ विपक्ष ने धोखा किया है। भाजपा इसको लेकर देश में अभियान चलाएगी और विपक्ष के नेताओं से इसका जवाब भी मांगेगी। मुख्यमंत्री रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस और राजद ने कभी किसी वर्ग को कोई आरक्षण नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बहन सांसद बनेंगी, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी सांसद बनेंगी, पर वे लोग नहीं चाहते हैं की देश की गरीब महिलाएं सांसद और विधायक बनें। यही कारण है कि 17 अप्रैल को विपक्ष ने संसद में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अभी 29 महिला विधायक और चार सांसद महिलाएं हैं। अगर, संसद में संविधान संशोधन विधेयक पारित होता तो बिहार में महिला विधायकों की संख्या कम–से–कम 122 और सांसदों की की संख्या 20 होती । इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह, पूर्व मंत्री लेशी सिंह, विधायक ज्योति देवी आदि मौजूद थीं। सम्राट चौधरी ने आरोप लगाया कि जब भी देश में महिलाओं और पिछड़ों के आरक्षण की बात आई है, कांग्रेस और आरजेडी ने हमेशा उसमें रोड़े अटकाने का काम किया है। आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस और राजद ने कभी साथ नहीं दिया जबकि बीजेपी हमेशा समर्थन में खड़ी रही।

# सम्पादकीय

## राहुल के तर्क और कंगना का तंज़

लोकसभा में विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी इस बिल पर अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि  इस दौरान उनके हाथ पर पट्टी बंधी थी। इसे देखकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पूछा कि हाथ में क्या हुआ? राहुल गांधी ने बताया कि उन्हें चोट लग गई है। उन्होंने बताया कि अंगूठे में चोट लग गई है। इसके बाद सदन में राहुल गांधी ने भाषण देना शुरू किया। राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय परि.श्य में महिलाएं सेंट्रल फोर्स होती हैं। हम सभी के जीवन में मां–बहन के रूप में महिलाएं हैं। उन्होंने अपनी बहन प्रियंका गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि जब वह स्पीच दे रही थी, पांच मिनट में वह किया जो मैं 20 साल में नहीं कर पाया। ऐसे में अमित शाह के चेहरे पर स्माइल आ गई। बहरहाल, इसके बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयकों पर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह महिला आरक्षण विधेयक नहीं है, क्योंकि महिला आरक्षण का कानून तो 2023 में ही पारित हो चुका है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मौजूदा विधेयक देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि यह बिल एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के खिलाफ है और उनके अधिकार छीनने का एजेंडा लेकर आया है। राहुल गांधी ने कहा, सरकार डरी हुई है। जो काम उसने असम और जम्मूध्कश्मीर में किया, वही अब पूरे देश में करना चाहती है। राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस विधेयक का महिला सशक्तिकरण से कोई लेनाध्देना नहीं है, बल्कि यह सत्ता पर कब्जा बनाए रखने की कोशिश है। उन्होंने कहा, आप सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। यह बिल राष्ट्रविरोधी है और हम सरकार को यह करने नहीं देंगे। उन्होंने उत्तर और दक्षिण भारत के बीच भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि इस प्रक्रिया से दलितों और आदिवासियों की भागीदारी कम हो रही है। राहुल गांधी ने दावा किया कि यह बदलाव सामाजिक न्याय और संघीय ढांचे के खिलाफ हैं। यहां यह बताते चलें कि इससे पहले महिला आरक्षण बिल के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन को संबोधित किया था और कहा था कि अब समय आ गया है कि हम महिलाओं को भी सदन में एक समान अधिकार दें। वहीं, इसके बाद महिला आरक्षण बिल पर बोलने की बारी लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की थी। राहुल गांधी ने अपने भाषण में इस बिल को लेकर अपनी बात रखी। उनके इस भाषण को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत ने एक बड़ा बयान दिया है। कंगना रनौत ने कहा है कि सदन के अंदर राहुल गांधी को सुनना एक सिरदर्द की तरह है। आज वह (राहुल गांधी) अपने बचपन के ट्रॉमा और बचपन में देखे गए जादू के शो के बारे में सदन में बताने लगे। स्पीकर सर ने भी उन्हें कहा कि ये सब यहां बोलने की जरूरत नहीं है। लेकिन राहुल गांधी नहीं रुके और बोले कि आप मजे लिए ये सुनकर आपको बहुत मजा आएगा। उन्होंने संसद का मजाक बनाकर रख दिया है।


नफीस जाफरी

## पूरी दुनिया की ईसाइयत यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप के नीतियों से सहमत नहीं! ईरान अमेरिका वार्ता एक बार फिर होगी

अजय दीक्षित

ईसाइयों के सर्वोच्चता धर्म गुरु बेटीकैन सिटी के पॉप लियो ने ईरान युद्ध को मानवता के लिए खतरा बताया है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की युद्ध नीति की आलोचना की ,साथ में उन्होंने इसराइल द्वारा चलाए जा रहे लेबनान, गाजा जन संहार पर भी चिंता व्यक्त की । पॉप लियो ने कहा कि गाजा, लेबनान, ईरान में बच्चे मारे जा रहे हैं और इसे किसी भी तरह सही नहीं ठहराया जा सकता है। पॉप लियो ने अमेरिकन जनता और कांग्रेस से अपील की है कि वह युद्ध रोकने के लिए अभियान शुरू करे। पॉप ने डॉनल्ड ट्रंप को बीमार व्यक्ति बताया है। पॉप लियो के इस कथन से यूरोपीय देशों फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटिश, इटली, हंगरी, सन्नाटा छा गया है। उल्लेखनीय है कि ईरान युद्ध में अमेरिका के कहने के बाबजूद फ्रांस, जर्मनी,स्पेन,ब्रिटिश, ने शामिल होने से इनकार कर दिया है। यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप चारों ओर से घिर गए हैं। डेमोक्रेट पार्टी ने नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों में की योजना बनाई है। रिपब्लिक पार्टी अगर हार सकती है तो डॉनल्ड ट्रंप के खिलाफ कांग्रेस में महाभियोग चलाया जा सकता है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रो ने डॉनल्ड ट्रंप की आलोचना करते हुए कहा है कि गाजा में बच्चों की हत्या, अस्पतालों, स्कूलों को मिशाइल, ड्रोन, बैलेस्टिक मिशाइल, से हमला करना मानवता के खिलाफ अपराध है । दूसरी ओर चाइना ने अमेरिका के कान के कीड़े झाड़ दिए हैं। उसने हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में से अपना 3 लाख बैरल तेल लदा जहाज निकाल कर और वह भी ईरान के बंदरगाह से, अमेरिका के हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र को नाका बंदी अभियान की हवा निकालदी है। ज्ञातव्य हो कि अमेरिका ने ईरान से आने वाले जहाजों को रोकने या उठा देने की घोषणा की थी। लेकिन चाइना ने इस तकियानुशी आदेश को मानने से मना कर दिया था और कहा था कि 90 फीसदी जरूरत का तेल, गैस वह ईरान से लेता है।यह उसका अनुबंध है और इसलिए अमेरिका इसे नहीं रोक सकता है। उधर रूस के विदेश लावरोब अचानक रूस पहुंचे और नई दिशा में बात की । लावारोब ने कहा कि यूरोपीय देश अमेरिका पर दबाब बनाए ताकि यूरोपीय देशों का तेल गैस भी निकल सके। सूत्रों की माने तो अमेरिका पर विशेषकर डॉनल्ड ट्रंप पर विश्व बिरादरी का प्रेसर है कि ईरान युद्ध किसी भी कीमत पर बंद हो ना चाहिएं। यूएस वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस, तुलसी गैबार्ड, रक्षा मंत्री, रोबियो, सब इस युद्ध के खिलाफ है और वे इसराइल को दोषी मानते हैं क्योंकि इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ही मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। दूसरी ओर रूस के विदेश मंत्री लाबाराब ने सऊदी क्रॉन प्रिंस बिन सलमान से भी कहा है कि युद्ध सऊदी अरब, यूएई, कुवैत, कतर, बहरीन,के लिए भी मुश्किल पैदा करेगा । जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान अमेरिका वार्ता एक बार पुनरू जल्दी ही हो सकती है। वैन्यू इस्लामाबाद या जिनेवा में होगा। हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में 800 से अधिक मालवाहक शिप फंसे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने 40 मिनिट की बात की है। हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र बंद होने से लगभग 45 देशों में तेल टैंकरों, गैस का का संकट आ गया है।भारत , चाइना, पाकिस्तान, यूरोपीय देश शामिल है। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि चाइना ईरान को ड्रोन, बैलेस्टिक मिशाइल, उपलब्ध करा रहा है।जबकि रूस के हथियार चाइना जा रहे हैं।

# विपक्ष के ख़िलाफ़ भाजपा की सियासी रणनीति तैयार


गुलफिशा खान

संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण संबंधी विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपनी बात रखी। प्रियंका ने महिलाओं के आरक्षण के लिए पिछली कांग्रेस सरकारों द्वारा किए गए प्रयासों का खाका पेश किया। उन्होंने कहा कि देश में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान सबसे पहले राजीव गांधी की सरकार ने पेश किया था, लेकिन उस वक्त यह पारित नहीं हो पाया था। उन्होंने भाजपा पर इस आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने उस आरक्षण बिल का जिक्र किया, लेकिन हमेशा की तरह आधी बात ही बताई। उन्होंने ये तो बताया कि विरोध हुआ था, लेकिन ये नहीं बताया कि विरोध करने वाले कौन थे। विरोध तो आप ही (भाजपा) ने किया था। कुछ साल बाद पीवी नरसिंह राव की कांग्रेस सरकार ने इस बिल को पारित करवाकर लागू किया। इसी कानून की बदौलत 40 लाख पंचायत प्रतिनिधियों में आज 15 लाख महिलाएं लोकतंत्र में भागीदारी कर रही हैं। यहां यह बताते चलें कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर दो दिन की चर्चा के बाद इसे सदन में पेश किया गया। इस बिल के पक्ष में 298 वोट पड़े। वहीं विपक्ष में 230 वोट पड़े। यानी यह बिल दो तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर पाया। भले ही संसद में महिला आरक्षण बिल गिर गया हो, लेकिन भाजपा ने आगे की सियासी रणनीति तैयार कर ली है। कहा जा रहा है कि मोदी सरकार इस बिल को लेकर जनता के बीच जाएगी और विपक्ष को सड़क पर घेरेगी। इसका संकेत गृहमंत्री अमित शाह के भाषण में भी देखने को मिला। उन्होंने कई बार इस बात को कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल महिलाओं के आरक्षण के खिलाफ है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में जहां विधानसभा चुनाव जारी हैं। ऐसे में भाजपा इन चुनावों में भी जनता के बीच यह मुद्दा लेकर जाएगी। भाजपा जनता के बीच यह संदेश पहुंचाने की कोशिश करेगी कि विपक्ष महिला विरोधी है और उन्होंने इस ऐतिहासिक सुधार को रोक दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल चुनाव के पहले चरण के दिन भी राज्य के दौरे पर रहेंगे। वे 23 अप्रैल को नदिया



जिले के .ष्णानगर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 24 अप्रैल को 24 परगना में भी उनकी एक सभा है। ऐसा माना जा रहा है कि इन सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला आरक्षण बिल का मुद्दा उठा सकते हैं। विदित हो कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बिल को लेकर देश की महिलाओं से खास अपील की थी। उन्होंने ट्वीट करते हुए सभी सदस्यों से अपील की थी कि अपने घर की मां, बहन, बेटी और पत्नी की याद को मन में रखते हुए, अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनें। यह देश की नारी शक्ति की सेवा करने और उन्हें सम्मान देने का एक सुनहरा अवसर है। उन्हें नए अवसरों से वंचित न करें। उन्होंने कहा था कि मैं सभी सदस्यों से यह भी अनुरोध करता हूं कि वे ऐसा कोई भी काम न करें, जिससे पूरे भारत की महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में अपने भाषण के दौरान कहा था कि अगर विपक्ष को क्रेडिट की चिंता है, तो इस बिल का क्रेडिट वो ले लें। हम सरकारी खर्चे से उनकी फोटो तक छपवाने को तैयार हैं। लेकिन विपक्ष इस बिल का समर्थन तो करे। वहीं इस बिल पर जवाब देते हुए अमित शाह ने विपक्ष को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण की विरोधी है। विपक्ष किंतु परंतु करके इस बिल का विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही महिला आरक्षण का विरोध वाला रहा है। सबसे पहले 1992 में संविधान संशोधन लेकर आए और महिलाओं को पंचायतों में 33 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। वो कांग्रेस के प्रधानमंत्री थे, लेकिन उनको कांग्रेस ने कभी स्वीकार नहीं किया। इसके बाद 1996 में देवगौड़ा पीएम बने और उन्होंने भी संशोधन पेश किया। गीता मुखर्जी कमेटी बनी।  रिपोर्ट आई तब तक लोकसभा का विघटन हो चुका था। 1999 से 2003 में फिर संशोधन विधेयक आया फिर उन्हीं पार्टियों ने विरोध किया। मनमोहन सरकार में भी बिल आया लेकिन राज्यसभा तक सीमित रहा, लोकसभा में नहीं आया। उस वक्त कांग्रेस की समर्थक पार्टियों ने ही मनमोहन सरकार के बिल का विरोध किया। इसके बाद 2023 में मोदी सरकार बिल लेकर आई, तब चुनाव की वजह से कांग्रेस ने विरोध नहीं किया। लेकिन अब यही कांग्रेस विरोध कर रही है। इतना ही नहीं अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने यहां तक कह दिया कि जैसे छोटी सी गिलहरी को रामसेतु बनाने में योगदान देने के लिए याद किया जाता है, वैसे हमें महिला आरक्षण बिल के लिए याद किया जाएगा। वहीं जैसे ताड़का को हवन में हड्डियां डालकर भंग करने के लिए जाना जाता है, वैसे ही इस बिल का विरोध करने के लिए कांग्रेस को याद किया जाएगा। अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान यह प्रस्ताव भी दिया था कि अगर विपक्ष तैयार होता है तो हम महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण और परिसीमन में 50 फीसदी सीटें बढ़ाने के लिए भी तैयार हैं। हम महज एक घंटे में यह प्रस्ताव सदन में पेश कर सकते हैं। लेकिन विपक्ष इसके लिए राजी नहीं हुआ। बहरहाल, लोकसभा में बिल गिरने के बाद कांग्रेस ने विपक्ष को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है। भाजपा ने बिल पेश होने से पहले भी देशभर में महिलाओं के कार्यक्रम किए थे, जिसमें इस बिल के बारे में बताया था। ऐसे में भाजपा फिर महिलाओं के बीच जाकर अपनी संदेश देने की कोशिश करेगी। अगर ऐसा हुआ तो विपक्षी पार्टियों के लिए यह जरूर थोड़ी मुश्किल पैदा करेगा।

# निशांत ने सत्ता के बजाए संगठन को क्यों दी तरजीह?


फरीद वारसी

नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद एक सवाल की चर्चा पूरे देश में हो रही है, वो है जेडीयू का भविष्य क्या होगा ? हालांकि, नीतीश कुमार आज़ भी जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। लेकिन,  यह भी सच है कि नीतीश कुमार का स्वास्थ्य और उम्र उनके सक्रिय राजनीति में बाधा बन रही है। यही वजह है कि संजय कुमार झा को दल का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इसका मकसद पार्टी में रोजमर्रा की गतिविधियों के साथ–साथ संसद और भाजपा नेतृत्व के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना था। गौरतलब है कि बिहार में 20 सालों तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने अपने लंबे कार्यकाल के बाद आखिरकार अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अब बिहार को सम्राट चौधरी के रूप में बिहार का नया मुख्यमंत्री मिला है। नीतीश कुमार फिलहाल राज्यसभा के सदस्य हैं और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। जेडीयू पिछले 20 सालों से बिहार की सत्ता में बड़े भाई की भूमिका में थी, लेकिन यह पहली बार है कि भाजपा बड़े भाई की भूमिका में आ गईं है। ऐसे में सवाल यह हैं जेडीयू का बिहार में आगामी भविष्य क्या होगा. वहीं नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार नई सरकार का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में सवाल है कि वह किस तरह से नीतीश की विरासत को आगे ले जा पाएंगे? निशांत कुमार ने हाल ही में जेडीयू ज्वाइन की और पिछले कुछ महीनों से वह काफी सक्रिय और राजनीतिक रूप से काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। निशांत कुमार की उम्र करीब 50 साल हो गई है। नीतीश कुमार जब तब बिहार के सीएम की कुर्सी पर रहें, तब तक निशांत एक्टिव पॉलिटिक्स में नहीं आए। हालांकि अब जब यह तय हो गया कि नीतीश सीएम की कुर्सी को छोड़ रहें है तो निशांत कुमार की पार्टी में एंट्री हुई। नीतीश कुमार को हमेशा से ही परिवारवाद की राजनीति से दूर रहने वाले नेता के रूप में जाना जाता है। अभी तक उनके परिवार का कोई भी शख्स सक्रिय राजनीति में नहीं था और निशांत भी लंबे समय तक राजनीति में नहीं आए। शुरू से नीतीश कुमार की छवि एक समाजवादी नेता के तौर पर रही है और वह पिछले 20 सालों तक बिहार की सत्ता का केंद्र रहे। हालांकि इन सब के बावजूद भी निशांत राजनीति से दूर रहे हैं, जो नीतीश कुमार परिवारवाद के खिलाफ बोलते थे, वो नहीं चाहते थे कि उनके बेटे राजनीति में आएं। यही कारण है कि निशांत को राजनीति में आने में इतना लंबा वक्त लग गया। 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा गया, जिसमें एनडीए ने बड़ी जीत हासिल की। भाजपा को इस चुनाव में 89 सीट मिली, वहीं जेडीयू ने 85 सीटें जीती। दोनों पार्टी लगभग बराबर की सीट जीतने में कामयाब रही, लेकिन इसके बावजूद नीतीश कुमार ने सीएम की कुर्सी से 6 महीने में इस्तीफा दे दिया। इससे जेडीयू का कार्यकर्ता काफी अचंभे में है। साथ ही नीतीश कुमार को करीब से जानने वाले भी हैरान हैं कि नीतीश कुमार ने इतनी आसानी से सीएम की कुर्सी छोड़ कैसे दी? 4 मार्च को घोषणा हुई कि नीतीश कुमार जेडीयू से राज्यसभा उम्मीदवार हैं। उससे पहले संभावना जताई जा रही थी कि निशांत कुमार को जेडीयू से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं हुआ और उसके बाद बिहार में राजनीतिक सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया तेज हो गई। इस सत्ता परिवर्तन में पहले ही तय हो गया था कि सम्राट चौधरी बिहार के अगले मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन सबकी नजरें निशांत कुमार पर भी थी. हर कोई जानना चाहता था कि निशांत कुमार की क्या भूमिका होगी? नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने 8 मार्च को जेडीयू ज्वाइन की. उम्मीद थी कि अब निशांत बिहार में नई सरकार का हिस्सा बनेंगे और वह बिहार के अगले उपमुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जेडीयू के कार्यकर्ता लंबे वक्त से चाहते थे कि निशांत को पार्टी में आना चाहिए और पार्टी को संभालना चाहिए। साथ ही अपने पिता की पार्टी की विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। जेडीयू के कई नेता और कार्यकर्ता चाहते थे कि निशांत को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनना चाहिए क्योंकि पिता के कुर्सी से हटने के बाद पार्टी के कई लोगों का मानना था कि पहला दावा उस पर निशांत



का है, लेकिन पहले ही तय हो चुका था कि सीएम भाजपा का होगा। इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि निशांत उपमुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन अंतिम वक्त पर यह फैसला सामने आया कि निशांत इस पद को नही लेंगे। कहा जाता है कि निशांत कुमार ने बिहार में नई सरकार का हिस्सा बनने से मना कर दिया। पार्टी के कई नेताओं और जानकारों का कहना है कि यह फैसला एक तरह से सही है। अभी निशांत नए हैं। ऐसे में पार्टी और संगठन को वह पहले समझना चाहते हैं। वह पार्टी के कार्यकर्ताओं के मूड को समझ रहें हैं। साथ ही वह बिहार में अब जमीन पर भी घूम रहे हैं। बिना विधायक या विधानसभा परिषद सदस्य बने सरकार में शामिल होना निश्चित रूप से सही नहीं समझा गया। इसलिए वह अभी अपना सारा वक्त पार्टी को देना चाहते हैं। नीतीश कुमार ने पिछले 20 सालों में बिहारी के विकास के लिए जो काम किया है, वह बिहार के लोगों को जमीन तक बताना है। अगर वह सरकार का अंग बनते तो उनकी पार्टी पर पकड़ कम हो सकती थीं। इसलिए उन्होंने अभी पूरा वक्त पार्टी को देने के बारे में सोचा है। इससे पार्टी में एक नई जान आएगी। निशांत पार्टी को एकजुट करके पार्टी का भविष्य बन सकते हैं। साथ ही साथ अगर वह अभी सरकार में कुर्सी पर बैठते तो नीतीश कुमार के राजनीतिक करियर में यह भी दाग लगता कि उन्होंने अपने अपने बेटे को सरकार में शामिल करा दिया। इसलिए निशांत ने अभी खुद को सरकार से अलग रखा। वहीं यहां यह बताते चलें कि नीतीश कुमार ने 20 सालों के बाद बिहार के मुख्यमंत्री के कुर्सी से इस्तीफा दे दिया। इससे जेडीयू के कार्यकर्ताओं के बीच बहुत नाराजगी है। जमीन पर जेडीयू के कार्यकर्ताओं को लग रहा है कि नीतीश कुमार को साजिश के तहत भाजपा ने और जेडीयू के कुछ शीर्ष नेताओं ने मिलकर नीतीश को सत्ता की कुर्सी से हटा दिया। नीतीश कुमार के कोर वोटर्स कुर्मी समाज से होते हैं। सबसे ज्यादा नाराजगी उनके ही बीच में है। ऐसे में यह सभी वोटर्स और कार्यकर्ता पार्टी से बेहद नाराज हैं। बिहार में अब जमीन पर यही दिखने लग है कि नीतीश का कोर वोटर्स बेहद ठगा महसूस कर रहा है। ऐसे में निशांत की जिम्मेदारी और बढ़ जारी है कि पार्टी के ऐसे कार्यकताओं को साथ लाए और उन्हें भरोसा दिलाए कि पार्टी बिल्कुल सुरक्षित है और नीतीश कुमार हमारे मुखिया और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। साथ ही उनके नेतृत्व में ही पार्टी अभी आगे बढ़ेगी। ऐसे में निशांत के लिए जेडीयू नेताओं ने नाया नारा भी दिया है , जय निशांत तय निशांत। पार्टी के प्रवक्ता नीरज कुमार ने यह नया नारा दिया है कि पार्टी का भविष्य निशांत हैं और उनके नेतृत्व में ही हम आगे बढ़ेंगे। ऐसे में 20 अप्रैल को जेडीयू विधान मंडल दल की बैठक होने वाली हैं और उसमें उम्मीद है कि निशांत कुमार को नेता चुना जाएगा और आगे वही पार्टी का नेतृत्व करेंगे। एक वक्त नीतीश कुमार ने कहा था कि क्राइम, करप्शन और कम्युनिज्म  से कोई समझौता नहीं करेंगे और ठीक उसी बात को निशांत ने भी दोहराया है। वह लगातार पार्टी कार्यालय और नीतीश कुमार के आवास पर बैठक कर रहें हैं और पार्टी नेताओं के साथ आगे की रणनीति की भी चर्चा कर रहे हैं। ऐसे में निशांत के हाथों में पार्टी का क्या भविष्य होगा, यही आने वाले समय में पता लगेगा।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस के अपने तर्क


शबाब  हुसैन

संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का विधेयक लोकसभा की दहलीज पार नहीं कर सका। बिल के पक्ष में 298 वोट और विपक्ष में 230 वोट पड़े। यानी बिल दो तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर पाया। संसद में विधेयक गिरने के बाद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि ये महिला आरक्षण बिल नहीं था, हमने इसे हरा दिया है। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे देश की एकता और अखंडता के लिए बहुत बड़ी जीत करार दिया। लोकसभा में वोटिंग के बाद बाहर निकले राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए इस सवाल का भी जवाब दिया, जिसमें विपक्ष के इस कदम को महिला विरोधी कहा जा रहा है। राहुल ने कहा कि हमने साफ कहा है कि ये महिला आरक्षण बिल नहीं है। ये हिंदुस्तान का जो राजनीतिक, इलेक्टोरल स्ट्रक्चर है, उसे बदलने की कोशिश है। ये हमने रोक दिया है। राहुल ने आगे कहा कि मेरा प्रधानमंत्री से कहना है कि अगर आप महिलाओं को आरक्षण देना चाहते हैं तो 2023 का महिला आरक्षण बिल निकालिए, उसे आज से लागू करिए। पूरा का पूरा 100 फीसदी विपक्ष आपको समर्थन देगा और उस महिला बिल को हम तुरंत लागू करवा देंगे। संविधान संशोधन(131वां संशोधन) बिल के लोकसभा में पारित न होने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ये महिला आरक्षण की बात नहीं थी, ये लोकतंत्र की बात थी, देश की अखंडता की बात थी। हम कभी इससे सहमत नहीं हो सकते कि आप महिला आरक्षण को इस तरह परिसीमन से जोड़ें कि वो पुरानी



जनगणना पर चले, जिसमें ओबीसी शामिल भी नहीं है। ये मुमकिन नहीं था कि ये बिल पारित हो। देश के लोकतंत्र के लिए, देश की अखंडता के लिए ये बड़ी जीत है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कहा, महिला विरोधी माइंडसेट की बात वो कह रहे हैं, जिन्होंने हाथरस में कुछ नहीं किया, जिन्होंने उन्नाव में कुछ नहीं किया, जिन्होंने मणिपुर की महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया, जिन्होंने खिलाड़ियों के लिए कुछ नहीं कहा... और वो कह रहे हैं कि हमारा माइंडसेट महिला विरोधी है। गौरतलब है कि 17 अप्रैल, 2026 को लोकसभा में पेश किया गया 131वां संविधान संशोधन विधेयक दो–तिहाई बहुमत न मिल पाने के कारण पारित नहीं हो सका। यह संविधान संशोधन महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित था। इस संशोधन के जरिए संसद की 543 सीटों से बढ़ाकर 850 सीटें करने का प्रावधान था। बीते गुरुवार से शुरू हुए संसद के विशेष सत्र में 21 घंटे की चर्चा के बाद इस पर वोटिंग हुई। लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले। इस बिल के पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े। बिल को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह ये बिल पास 54 वोट से गिर गया। लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि इस बिल के पास नहीं होने से क्या संसद में महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलेगा या नहीं। इसका सीधा जवाब है– महिलाओं को आरक्षण मिलता रहेगा। क्योंकि संसद में महिलाओं के आरक्षण से जुड़ा पुराना कानून सुरक्षित है। मोदी सरकार ने हाल ही में नया विधेयक (131वां संशोधन) इसलिए पेश किया था ताकि जनगणना और परिसीमन की लंबी प्रक्रिया के बिना ही 2029 के चुनावों में आरक्षण को तेज़ी से लागू किया जा सके। यह नया प्रयास बहुमत न मिलने के कारण सफल नहीं हो पाया। अब आरक्षण की प्रक्रिया मूल 2023 के कानून के तहत चलेगी। इसके अनुसार, 33 प्रतिशत आरक्षण तभी लागू होगा जब अगली जनगणना और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। वर्तमान अनुमानों के अनुसार, यह आरक्षण 2034 या उसके बाद के चुनावों में ही पूरी तरह से लागू हो पाएगा। कहने का अर्थ है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मूल कानून (2023 वाला) अभी भी लागू है, लेकिन उसे जल्द लागू करने (2029 तक) का सरकार का नया प्रस्ताव संसद में विफल हो गया है। अब आरक्षण के लिए लंबी संवैधानिक प्रक्रिया (जनगणना और परिसीमन) का इंतजार करना होगा।

# बच्चों को मन से पढ़ाने में ही प्रातः होता आनन्द : पवन सिंह







न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रस्यौरा में शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं नव प्रवेशी बच्चों तथा कक्षा पांच पास बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व विद्यालय परिसर में ही बने नव निर्मित भवन का लोकार्पण कार्यक्रम अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान तथा खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा प्राथमिक शिक्षक संघ खैराबाद ब्लॉक अध्यक्ष पवन सिंह ने एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया। क र्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया गया इसके पश्चात विद्यालय की बच्चियों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत आदि द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। मुख्य अतिथि द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण तथा कक्षा पांच पास बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। बच्चों को पुरस्कार विद्यालय की ओर से तथा मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान की ओर से भी प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं रसोइयों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि जब हम अपने इन मासूम बच्चों को नियमित रूप से पूरे मनोयोग से पढ़ाते हैं तो हमें बहुत आनन्द मिलता है जिसकी अनुभूति आप सभी को होती होगी। जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से शिक्षा के क्षेत्र में विशेषकर बेसिक शिक्षा में अमूल चूल परिवर्तन हुआ है विद्यालयों की दिशा और दशा में सुधार हुआ है। भौतिक सुविधाओं की पूर्ति भी हुई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सरकार द्वारा जारी 19 पैरामीटर्स कायाकल्प योजना का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का माल्यार्पण तथा बैच लगाकर विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया। सभी सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक योगेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया जबकि आभार कार्यक्रम आयोजक पवन कुमार सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र जो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थी। इसके अलावा डीसी निर्माण विकास कुमार, पूर्व माध्यमिक जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित, प्रवक्ता मनीष पांडेय, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार दीक्षित, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन, टीपी सिंह, महिला उपाध्यक्ष वंदना दीक्षित, प्राथमिक मंत्री अमित त्रिपाठी, सौरभ जायसवाल, पीर मोहम्मद, एसआरजी करुणेश मिश्र मदनेश मिश्र आलोक श्रीवास्तव एआरपी शिवेन्द्र प्रताप सिंह पूनम बाजपेई संजीव पटेरिया वीरेन्द्र कुमार सिंह आशुतोष कुमार सिंह तथा अन्य ब्लॉकों के अध्यक्ष मंत्री भी उपस्थित रहे।

# सीएलएफ निरीक्षण में उपायुक्त ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

नेहटौर, बिजनौर। संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की गतिविधियों की समीक्षा के तहत उपायुक्त (स्वतः रोजगार) वीरेंद्र यादव ने मंगलवार को आंकू स्थित नरसिंह प्रेरणा क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय व्यवस्था, अभिलेख संधारण और वित्तीय लेन–देन की पारदर्शिता की विस्तार से जांच की। उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया और गुणवत्ता बनाए रखने के साथ अभिलेखों को और अधिक व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयोजित बैठक में उन्होंने समूह से जुड़ी महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को 'विदुर' ब्रांड के अंतर्गत अपने उत्पादों को जोड़कर बाजार में बेहतर पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से स्थानीय उत्पादों को व्यापक मंच मिल रहा है और महिलाओं की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने लखपति दीदी अभियान का जिक्र करते हुए महिलाओं को नियमित बचत, निवेश और अतिरिक्त आय के साधन विकसित करने की सलाह दी। उनका कहना था कि योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समूहों को समय–समय पर प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास, वित्तीय जानकारी और विपणन सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे उनके उत्पादों को बाजार में बेहतर अवसर मिल सकें। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सृजन पुस्तकालय में शिक्षाविद् का आयोजित हुआ विदाई समारोह

## - स्थानांतरण केवल भौगोलिक दृष्टि से है, बिसवां के बाशिंदों के हृदय में सदैव बने रहेंगे : संदीप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिसवां, सीतापुर। साहित्य सृजन संस्थान, बिसवां द्वारा शैक्षिक सरोकारों के लिए संचालित सृजन पुस्तकालय में



श्री राम चंपा देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य और वर्तमान में सरस्वती विद्या मंदिर महोली के प्रधानाचार्य राकेश शुक्ला का विदाई समारोह आयोजित किया गया। संस्थान द्वारा उन्हें अंगवस्त्र स्मृतिचिह्न आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्थान के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस ने कहा कि राकेश शुक्ला का न केवल राम चंपा देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के रूप में लगभग तीन दशक का कार्यकाल उल्लेखनीय है बल्कि बिसवां क्षेत्र में उनका सामाजिक साहित्यिक समर्पण भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। शिक्षाविद वृंदारकनाथ मिश्र ने कहा कि नगर की समस्त सांस्:तिक गतिविधियों के आप सदैव केंद्र में रहे हैं। आपका स्थानांतरण केवल भौगोलिक . ष्टि से है, हृदय में आप बिसवां के बाशिंदों के सदैव बने रहेंगे। समाजसेवी आचार्य मुन्नालाल गुप्त ने उन्हें आने वाले समय के लिए शुभकामनाएं प्रदान की एवं गंगा स्वरूप मिश्र ने प्रधानाचार्य के रूप में उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुकवि आनंद खत्री ने कहा कि उनका नगर के शिक्षण संस्थान में उनका कार्यकाल चिरस्मरणीय रहेगा। हमें विश्वास है कि आप हम सभी से अपना संवाद बनाए रखेंगे। विदाई समारोह के अवसर पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए राकेश शुक्ला ने कहा कि बिसवां उनके हृदय में सदैव सम्मानित स्थान बना कर रहेगा। क्षेत्र के विभिन्न शैक्षिक सामाजिक साहित्यिक संगठनों से जुड़े लोगों का प्यार दुलार मान सम्मान हमें सदैव स्मरण रहेगा। आप लोग हमें जब भी स्मरण करेंगे हम आपके साथ होंगे। युवा कवि रजनीकांत दीक्षित और मुकुंद पांडेय के भावुक संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एडीएम ने प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

## - गोपनीयता व निष्ठा की दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जनगणना कार्य को सफल और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से जिले में आयोजित तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। अंतिम दिन वीआईटी कॉलेज स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रशिक्षण की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों में उत्साह और गंभीरता देखने को मिली। अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में प्रतिभागियों को मोबाइल एप के माध्यम से डाटा संकलन की प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, ताकि फील्ड में कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या न आए। इस दौरान सभी प्रशिक्षुओं को जनगणना कार्य को पूर्ण गोपनीयता, निष्पक्षता, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ संपन्न करने की शपथ भी दिलाई गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सटीक आंकड़ों का संकलन बेहद जरूरी है, जिससे योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में मदद मिलती है।



अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इस बार डिजिटल माध्यमों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे आंकड़ों के संकलन में पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने प्रगणकों को निर्देश दिए कि घर–घर सर्वे के दौरान आमजन से शालीन व्यवहार रखें और प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करें। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड से जुड़ी संभावित समस्याओं और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी, मास्टर ट्रेनर और बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजे जयकारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भगवान परशुराम का



जन्मोत्सव शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। ब्राह्मण समाज महासभा के तत्वावधान में परशुराम प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म के अनुयायी शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा और विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि भगवान परशुराम त्याग, तपस्या और धर्म रक्षा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जिनका जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। शिव के आशीर्वाद से फरसा प्राप्त करने के बाद वे परशुराम कहलाए और उन्होंने पृथ्वी को अत्याचारियों से मुक्त किया। इस अवसर पर लोगों ने एक–दूसरे को शुभकामनाएं दीं और धार्मिक आस्था के साथ पर्व को मनाया। शोभायात्रा में सदर विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व सांसदधविधायक रघुराज शाक्य, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष यशवर्धन चौधरी, संजीव भदौरिया, बासु चौधरी, अमित तिवारी, जिला मंत्री अभिषेक मिश्रा, प्रीति दुबे, शनी शर्मा, अखिलेश कौशिक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण व ई-रिक्शा से जाम में जकड़ा प्रयागराज

## - हाईकोर्ट बार अध्यक्ष ने प्रशासन पर उठाए सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

प्रयागराज। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमरा गई है। प्रमुख मार्गों से लेकर अंदरूनी इलाकों तक जाम की स्थिति आम हो गई है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां पहले 10 मिनट में पूरा होने वाला सफर अब घंटों में तय हो रहा है। जाम की मुख्य वजह सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण और ई–रिक्शा का अनियंत्रित संचालन बताया जा रहा है। शहर की प्रमुख सड़कों पर जगह–जगह अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा है, वहीं ई–रिक्शा की अव्यवस्थित आवाजाही से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस संबंध में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय बाबा ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी या तो किसी दबाव में हैं या फिर किसी विशेष कारण से व्यवस्था सुधारने के प्रति गंभीर नहीं हैं। कागजों पर कार्रवाई दिखाई जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई प्रभाव नजर नहीं आता। उन्होंने नगर निगम, आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस सहित संबंधित विभागों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या के समाधान को लेकर उदासीन बने हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए



गए, तो आने वाले समय में स्थिति और भी विकट हो सकती है।


फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।

नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P

हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213

एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876


# डीएम ने बच्चों संग बैठकर किया मध्याह्व भोजन

## - प्राथमिक विद्यालय तैमूरपुर दीपा में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने प्राथमिक विद्यालय तैमूरपुर दीपा का गुणवत्ता, स्वच्छता तथा परोसने की व्यवस्था को करीब से देखा। डीएम ने रसोईघर, खाद्यान्न भंडारण, पानी की व्यवस्था और गुणवत्ता, समयबद्धता और स्वच्छता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से



औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था और मिड डे मील योजना की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर मध्याह्न भोजन ग्रहण किया और भोजन की साफ–सफाई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि बच्चों को दिया जा रहा भोजन गुणवत्ता की .ष्टि से संतोषजनक है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय स्टाफ को निर्देश दिए कि भोजन की संवाद भी किया और उनसे पढ़ाई, भोजन और स्कूल की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने भी खुले तौर पर अपनी बात रखी, जिस पर डीएम ने संबंधित शिक्षकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि मिड डे मील योजना का उद्देश्य बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराने के साथ–साथ उनकी स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना भी है। इसलिए इस योजना का सही क्रियान्वयन बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम का यह सादगीपूर्ण और संवेदनशील अंदाज पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। उनके इस कदम से न केवल बच्चों में उत्साह देखने को मिला, बल्कि विद्यालय स्टाफ में भी जिम्मेदारी का भाव और अधिक मजबूत हुआ। स्थानीय लोगों ने भी जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक संदेश बताया।

# प्रभारी मंत्री ने ने महर्षि कश्यप के जन्मोत्सव का किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो /शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। श्रीरामलीला मेला मैदान में आयोजित महाऋषि कश्यप की जयंती पर कश्यप ऋषि के चित्र के समक्ष जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने द्वीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि वैदिक पुराणों के अनुसार श्रष्टि की संरचना में महाऋषि कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सप्तऋषियों में कश्यप महाऋषि श्रष्टि के आधार स्तम्भ स्तम्भ हैं। उन्होंने कहा श्रष्टि की संरचना में विद्वान महाऋषि कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कश्यप समाज के लोगों से कश्यप महाऋषि के जीवन आदर्शों का अनुसरण करने का आहवाहन करते हुए कहा कि महाऋषि कश्यप के बताए हुए रास्ते पर चल कर ही जीवन सफल हो सकता है।



इस दौरान प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप एवँ सासंद अरुण कुमार सागर का माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सासंद अरुण कुमार सागर जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्रप्रकाश गुप्ता सर्वेश कश्यप राजीव कश्यप राजेश कश्यप पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता लल्ला एडवोकेट अमित मिश्रा ओमकार कश्यप प्रधान बबलेश कश्यप ने विचार रखे और महाऋषि कश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

# दिनदहाड़े युवती पर चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। क्षेत्र के गांव मीमला मुस्तफाबाद में दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां एक युवती पर घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे आनन–फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी युवक अचानक घर में घुस आया और युवती के पेट पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए। चीख–पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि पकड़े जाने के बाद आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसे इस वारदात के लिए 50 हजार रुपये की सुपारी दी गई थी। हालांकि पुलिस इस दावे की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है।

## डेटिंग ऐप के जरिए बुजुर्ग को बुलाकर लूट करने वाले चार गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिले में डेटिंग ऐप के जरिए एक बुजुर्ग को निशाना बनाकर लूटपाट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार 69 वर्षीय व्यक्ति की पहचान एक डेटिंग ऐप के माध



यम से समीर खान नामक युवक से हुई थी। आरोपी ने मुलाकात का झांसा देकर बुजुर्ग को सुनसान स्थान पर बुलाया। जैसे ही वह वहां पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें जबरन एक बाग में ले जाकर मारपीट की। इसके बाद छह आरोपियों ने मिलकर बुजुर्ग से सोने की चेन और अंगूठी लूट ली। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित का मोबाइल फोन छीनकर उसके माध्यम से करीब 65 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर भी कर लिए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गए जेवर और 42 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान व्यक्तियों से सोशल मीडिया या डेटिंग ऐप के माध्यम से संपर्क करते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## भगवान परशुराम विशाल शोभा यात्रा पर हुई पुष्प वर्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नगर में धूमधाम से निकल गई भगवान परशुराम शोभा यात्रा पर व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला मंत्री .ष्ण कुमार मिश्रा जी के नेतृत्व में शास्त्री चौराहा पर शीतल पेय पदार्थ



पिलाकर पुष्प वर्षा के साथ व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल जिला उपाध्यक्ष शरद बाजपेई जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार दुबे युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे प्रांतीय सदस्य राहुल चौहान उद्योग मंच के जिला अध्यक्ष मेजर पांडे शहर उपाध्यक्ष अंशु दुबे युवा शहर उपाध्यक्ष अमित दुबे भोले युवा शहर उपाध्यक्ष आशीष तिवारी युवा शहर कोषाध्यक्ष गोपाल .ष्णा भदोरिया युवा शहर महामंत्री अनिल यादव युवा शहर मंत्री कपिल पाठक शिवा ठाकुर अखिलेश शर्मा पीयूष वर्मा अमित पांडे ऋषभ शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्यकर्ता का निधन, समाज में शोक की लहर

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। नगर के बिजली खेडा निवासी और भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद प्रभारी का 18 अप्रैल को निधन हो गया। वह असंगठित मजदूर मोर्चा के जिलाध्यक्ष और सिद्धार्थ ज्ञान स्थली विद्यालय के कोषाध्यक्ष भी थे। उनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे मुक्तिधाम हरदौली घाट में किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। ज्ञानेश्वर प्रसाद प्रभारी के निधन से बहुजन समाज में गहरा शोक है। उनकी कमी समाज को हमेशा खलेगी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### - महसी विधायक ने परशुराम मंदिर जीर्णोद्धार व इंटरलॉकिंग का किया लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तेजवापुर ब्लाक के रमपुरवा स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर भक्ति गीतों, जयकारों और पूजा–अर्चना से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने विधिवत पूजा–अर्चना कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य एवं प्रांगण में कराए गए इंटरलॉकिंग का शिलापट्ट से पर्दा हटाकर लोकार्पण किया। अपने संबोधन में विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक अवतार ही नहीं, बल्कि न्याय, धर्म और पराक्रम के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, सत्य के मार्ग पर चलने और






समाज में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में तेजवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नानपारा चीनी मिल के निदेशक अखंड प्रताप सिंह 'गोलू' एवं अरुणेंद्र सिंह ने भी भगवान परशुराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नानपारा चीनी मिल निदेशक अखंड प्रताप सिंह 'गोलू', ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय, अरुणेंद्र सिंह, दिवाकर पांडेय, शशिकांत त्रिपाठी, विद्याधर वाजपेई, प्रमोद मिश्र,संतराम पांडेय, सर्वजीत सिंह, संजय त्रिवेदी, नितेश अवस्थी, हर्षित अवस्थी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सपा कार्यालय में मनाई भगवान परशुराम की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, रामगांव। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भगवान परशुराम की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा नेता हर्षित त्रिपाठी ने किया। संचालन लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष मयंक मिश्रा मोनू ने किया। हर्षित त्रिपाठी ने कहा कि परशुराम जन्मोत्सव हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के छठे अवतार के रुप में मनाई जाती है। यह पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आता है, जिसे अक्षय तृतीया भी कहा जाता है। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम के बचपन का नाम रामभद्र था, यह नाम उनके माता–पिता ने रखा था। इसके अलावा महर्षि कण्व ने जन्म के समय उनका नाम कोटिकर्ण रखा था। मयंक मिश्रा ने कहा की परशुराम मूल रूप से ब्राह्मण थे। उन्होंने अपने बाबा महर्षि ऋचिक और पिता महर्षि जमदग्नि से वेद और धनुर्वेद की शिक्षा प्राप्त की थी। इसके




अलावा परशु चलाने की शिक्षा भगवान शंकर के सान्निध्य में इन्होंने गणेश जी से प्राप्त की थी। यह दिव्यास्त्र उन्होंने भगवान शंकर से ही प्राप्त किया था। अधिवक्ता शोभीत बाजपेई ने कहा कि महर्षि जमदग्नि ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा ऐसा ही होगा। महर्षि ने परशुराम को स्वच्छंद मरण का आशीर्वाद प्रदान किया और उनकी माता और भाईयों को जीवित कर दिया। इस मौके पर सत्यम मिश्रा, अज्जु बाजपेई, अभिषेक बाजपेई, राहुल मिश्रा, अंकित पांडेय, अमन दुबे, प्रकाश मिश्रा, अजय त्रिपाठी, मोहित मिश्रा, हरिओम मिश्रा रमपुरवा, नांदेश्वर नंद यादव, पेशकार राव, शैलेश सिंह शेलू, अन्नू गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# सीमा पर नेपाली सुरक्षा कर्मियों पर लगा अमानवीय व्यवहार का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा



पर इन दिनों नेपाली सुरक्षा बलों द्वारा जांच के नाम पर आम नागरिकों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार किए जाने के आरोप सामने आए हैं। सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों ने इस मामले को लेकर नाराजगी जताते हुए नेपाल सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भारत और नेपाल के बीच रोटी–बेटी का संबंध सदियों पुराना है। दोनों देशों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक रिश्ते बेहद गहरे हैं। लाखों भारतीय बेटियां नेपाल में तथा नेपाली बेटियां भारत में विवाह के माध्यम से जुड़ी हुई हैं। यही कारण है कि यह सीमा अन्य देशों की सीमाओं की तरह नहीं, बल्कि मित्रता और आपसी विश्वास की सीमा मानी जाती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग दोनों देशों के बीच आवागमन करते हैं। नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोग वर्षों से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों का सामान भारतीय बाजारों से खरीदते रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नई सरकार के गठन के बाद सीमा पर तैनात कुछ सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार में बदलाव देखने को मिला है। आरोप है कि जांच के दौरान महिलाओं द्वारा खाने–पीने की वस्तुएं और दैनिक उपयोग का सामान ले जाने पर उसे जब्त कर लिया जाता है। कई बार महिलाओं के साथ अभद्रता और धक्का–मुक्की की घटनाएं भी सामने आई हैं। लोगों का कहना है कि कुछ मौकों पर सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को हाथापाई करते हुए भी देखा गया है, जिससे आम नागरिकों में भय और असंतोष का माहौल बन गया है। स्थानीय नेपाली नागरिकों ने अपनी सरकार से मांग की है कि भारत जैसे मित्र देश के साथ साझा सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को आम लोगों के साथ मित्रतापूर्ण भाषा और मानवीय व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि दोनों देशों के बीच वर्षों पुराना भाईचारा और विश्वास कायम रह सके। सीमावर्ती जनता का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं दोनों देशों के मधुर संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं, इसलिए इस मामले में शीघ्र उचित कदम उठाया जाना आवश्यक है।

## नारी वंदन के तहत बालिकाओं को कराया पर्यटन स्थल का भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष 2026–27 नारी वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन स्थल नवीनगर शिवाला पर बालिकाओं को भ्रमण कराया गया। उन्हें पर्यटन स्थल पर नवीन वृक्षारोपण करने की तैयारी की गई तथा वृक्षारोपण कराया गया। वृक्ष हमें शुद्ध वायु देते हैं शुद्ध वायु प्राप्त करने के लिए पीपल के वृक्षों का वृक्षारोपण कराया गया। औषधीय वनस्पतियों में तुलसी नीम जामुन वृक्षों का वृक्षारोपण कराया गया। वृक्षों द्वारा हमें छाया भी प्राप्त होती है। सभी बालिकाओं को विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संस्था के पुजारी तथा ग्राम प्रधान ने संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने पेड़ पौधों से होने वाले लाभ के बारे में बताया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।



# चेयरमैन ने किया नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर वैश्य के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 15 सरस्वती नगर में रविवार को विकास कार्यों के अंतर्गत नई बनी सड़क का उद्घाटन संपन्न हुआ। वार्ड में राणा पेट्रोल पंप के पीछे डामर रोड



से पन्नेलाल के मकान तक लगभग 130 मीटर लंबी सड़क का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य द्वारा विधिवत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने कहा कि नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नगर पंचायत की प्राथमिकता है। सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। उद्घाटन समारोह में ठेकेदार के साथ नगर पंचायत के सुपरवाइजर किशन गुप्ता, अजय कुमार, अभय पाठक सहित वार्ड निवासी हेमंत पाठक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है। वार्ड वासियों ने उम्मीद जताई कि इसी प्रकार क्षेत्र में अन्य विकास कार्य भी शीघ्र कराए जाएंगे, जिससे नागरिक सुविधाओं में और सुधार होगा।

## भारत नेपाल पत्रकार गोष्ठी का आयोजन, हिंदी पत्रकारिता के पूरे हुए 200 वर्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल पत्रकार गोष्ठी के अवसर पर हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत और नेपाल से आए पत्रकारों, साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया और हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक यात्रा, भूमिका और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई 1826 को हुई थी और तब से लेकर आज तक इसने समाज को दिशा देने का कार्य किया है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक हिंदी पत्रकारिता ने सदैव जनहित और सत्य के पक्ष में आवाज उठाई है। वक्ताओं ने इसे लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए कहा कि पत्रकारिता ने सत्ता और समाज के बीच सेतु का कार्य किया है। कार्यक्रम में भारत और नेपाल के आपसी सांस्कृतिक एवं भाषाई संबंधों पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता दोनों देशों के बीच भाईचारे, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सीमा से जुड़े क्षेत्रों में हिंदी पत्रकारिता ने आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है। गोष्ठी में डिजिटल युग की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने फेक न्यूज, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और पत्रकारिता की नैतिकता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 200 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखने के लिए पत्रकारों को निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। अंत में सभी पत्रकारों ने यह संकल्प लिया कि हिंदी पत्रकारिता को और अधिक सशक्त, जनहितकारी और विश्वसनीय बनाने के लिए सतत प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन हिंदी पत्रकारिता की उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा ताहिर हुसैन , परवेज रिजवी,अशोक उपाध्याय, विनोद द्विवेदी , अभिलाष श्रीवास्तव, दिवाकर श्रीवास्तव, अब्दुल कादिर खान, असलम खान, विवेक श्रीवास्तव सहित नेपाल राष्ट्र से आये .ष्णलाल चुके, संजना घोसाल समेत दोनों राष्ट्रों के पत्रकार मौजूद रहे।

## बिजली विभाग की घोर लापरवाही से उपभोक्ता बेहाल

### - दो सप्ताह से गिरे खंभे ने छीनी रोशनी, भीषण गर्मी में लोग त्राहिमाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सुंदर नगर टेपरा बोझिया में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है। लगभग दो सप्ताह पूर्व क्षेत्र में एक बिजली का खंभा गिर गया, लेकिन आज तक उसे ठीक नहीं किया गया। नतीजा यह है कि पूरे इलाके के उपभोक्ता अंधेरे और उमस भरी गर्मी में जीवन बिताने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली न होने से बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और युवा सभी परेशान हैं। दिन में तपिश और रात में मच्छरों का प्रकोप लोगों की नींद छीन रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग को सूचना देने और शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह मौन साधे हुए हैं। खंभा गिरने के बाद न तो वैकल्पिक व्यवस्था की गई और न ही मरम्मत कार्य शुरू हुआ। इस लापरवाही से उपभोक्ताओं में गहरा आक्रोश है। क्षेत्रवासियों का सवाल है कि आखिर वे अपनी फरियाद किससे करें? क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? यदि समय रहते खंभा नहीं लगाया गया और आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है। अब देखना यह है कि बिजली विभाग कब नींद से जागता है और सुंदर नगर टेपरा बोझिया के उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी से राहत दिलाता है, या फिर यह लापरवाही यूं ही जारी रहेगी।

# सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा छह जनपदों में सकुशल सम्पन्न, 39 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

(संवाददाता) लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या–51) के 16 विषयों की लिखित पुनर्परीक्षा रविवार को प्रदेश के छह जनपदों में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। यह परीक्षा आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर एवं वाराणसी के कुल 50 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली पूर्वान्ह 09रू30 बजे से 11रू30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02रू30 बजे से 04रू30 बजे तक संचालित की गई।आयोग में स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम से आयोग के अध्यक्ष डॉ० प्रशान्त कुमार, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में सभी परीक्षा केन्द्रों की सघन निगरानी की गई। परीक्षा केन्द्रों पर लगाए गए कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर सतत नजर रखी गई। प्रदेश के सभी केन्द्रों पर परीक्षा नकलविहीन, शुचितापूर्ण, समयबद्ध तथा निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई।आयोग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठतम सदस्य द्वारा प्रयागराज के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी किया गया। इसके साथ ही आयोग द्वारा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के तहत पायलट प्रोजेक्ट लागू किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत प्रयागराज के निर्धारित पांच परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक पाली की परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद परीक्षार्थियों द्वारा प्रयुक्त उत्तर पत्रकों की उनके परीक्षा कक्षों में ही कक्ष निरीक्षक एवं अभ्यर्थियों की उपस्थिति में स्कैनिंग कराई गई। स्कैनिंग के उपरांत डाटा को तत्काल सुरक्षित करने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की गई।पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रयागराज के तीन परीक्षा केन्द्रकृमेरी वानामेकर गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज, कर्नलगंज इंटर कॉलेज टैगोर टाउन तथा प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कॉलेज, सिविल लाइंसकृपर आयोग के अध्यक्ष ने स्वयं उपस्थित होकर स्कैनिंग प्रक्रिया की समीक्षा की और इसकी पारदर्शिता सुनिश्चित की। इस परीक्षा के सफल संचालन में संबंधित जनपदों के जिला प्रशासन का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। 18 अप्रैल, 2026 को आयोजित लिखित परीक्षा में कुल 19,718 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें महिला अभ्यर्थियों का प्रतिशत 41.35 तथा पुरुष अभ्यर्थियों का प्रतिशत 58.64 रहा। वहीं 19 अप्रैल, 2026 को आयोजित परीक्षा में कुल 19,474 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें महिला अभ्यर्थियों का प्रतिशत 30.93 तथा पुरुष अभ्यर्थियों का प्रतिशत 69.07 दर्ज किया गया।इस प्रकार 18 एवं 19 अप्रैल, 2026 को आयोजित दोनों दिनों की लिखित पुनर्परीक्षा में कुल 39,192 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। आयोग ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि भविष्य में भी तकनीकी नवाचारों के माध्यम से परीक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।

## भाजपा के भ्रामक प्रचार से सावधान रहें, कार्यकर्ता संयम बरतें - अखिलेश यादव

(संवाददाता) लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी का व्यवहार भाजपा की तरह नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक में हार के बाद भाजपा में बौखलाहट और हताशा है तथा विपक्ष, विशेषकर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के खिलाफ प्रायोजित षड्यंत्र के तहत विरोध कराया जा रहा है।अखिलेश यादव ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि भाजपा के भ्रामक और दूषित प्रचार का जवाब देने में संयम बरतें तथा धरना–प्रदर्शन से बचें। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की महिलाओं और कार्यकर्ताओं को अनुशासन बनाए रखते हुए भाजपा की साजिशों और षड्यंत्रों से सावधान रहना चाहिए।अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर भ्रांतियां और झूठ फैला रही है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी में 66 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्गों की है और समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया पिछड़ों में महिलाओं को भी शामिल करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पिछड़ों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों को उचित स्थान नहीं देना चाहती और 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के नाम पर अपनी मनमानी करना चाहती है।उन्होंने कहा कि अब पार्टी का ध्यान पूरी तरह उत्तर प्रदेश पर केंद्रित होना चाहिए, क्योंकि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार का असर केंद्र की सरकार पर भी पड़ेगा, इसलिए प्रदेश को भाजपा के प्रभाव से मुक्त कराना जरूरी है।अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि महंगाई और बेरोजगारी भाजपा शासन में लगातार बढ़ रही है, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून–व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि खाद, बीज और कीटनाशकों की समस्या से किसान परेशान हैं और आम लोगों के जीवन में कठिनाइयां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता से हटने पर ही प्रदेश में खुशहाली आएगी और महिलाओं, किसानों तथा नौजवानों को राहत मिल सकेगी।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# मकान से आभूषण चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

## -घटना में शामिल बाल अपचारी को भी संरक्षण में लिया - कब्जे से चोरी के आभूषण आदि बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में रविवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मकान से आभूषण आदि चोरी करने वाली अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही घटना में शामिल बाल अपचारी को भी नियमानुसार संरक्षण में लिया गया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के काशीराम कालोनी की रहने वाली सुनिता ने थाना कोतवाली नगर में सूचना दी कि 17 अप्रैल को जब वह अपने मकान की कुंडी लगाकर पास की दुकान में सामान लेने गई थी जब वापस आई तो उनके



कमरे से बैग व उसमें रखे आभूषण आदि चोरी हो गए। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजी.त किया गया था। अभियुक्तों की गिरतारी के क्रम में रविवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाली अभियुक्ता को काशीराम कॉलोनी से गिरतार किया गया। साथ ही घटना में शामिल एक बाल अपचारी को भी नियमानुसार संरक्षण में लिया गया। उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण, कपड़े व बैग आदि बरामद हुए है। गिरतार अभियुक्ता सना खान पत्नी अजय निवासी काशीराम कॉलोनी ब्लाक न0–13 थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0–188/26 धारा 305/331(1), 317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया। गिरतारी करने वाली टीम में उ0नि0 विनोद सिंह चौकी प्रभारी काशीराम कॉलोनी, म0उ0नि0 आकांक्षा पटेल चौकी प्रभारी संकट मोचन, म0कां0 शाहिदा कौसर, कां0 विनय कुमार, कां0 अजय कुमार शामिल रहे।

# गाजीपुर हाटा गांव में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

## - विशाल राय बने ब्लज़ूक अध्यक्ष



न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। जनपद के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत हाटा गांव स्थित नव निर्मित भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आज ब्रह्महर्षी वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भगवान परशुराम के छठवें अवतार स्वरूप का पूजन–अर्चन कर समाज के उत्थान और एकता का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश महामंत्री रासबिहारी राय, जिलाध्यक्ष .ष्णानंद राय सहित धनंजय राय, श्री नारायण राय, प्रमोद राय, राकेश रंजन राय, राजेश राय, अभिषेक राय, दिनेश राय, विवेकानंद राय, ईश्वरदेव राय, अश्वनी कुमार राय, पिंटू राय, राहुल राय समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पत्रकार अभिषेक राय, मनीष राय, सुधीर राय और नरेन्द्र राय सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान संगठन ने जनपद गाजीपुर में अपने विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए पहले ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा की। जिलाध्यक्ष कृष्णानंद राय ने विशाल राय को मोहम्मदाबाद ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया। घोषणा के बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेश महामंत्री रासबिहारी राय ने कहा कि संगठन को मजबूत करना ही प्राथमिकता है और ब्रह्महर्षी समाज के सम्मान, अधिकार और हर जरूरत के समय संगठन मजबूती से खड़ा रहेगा। वहीं जिलाध्यक्ष .ष्णानंद राय ने कहा कि परशुराम जयंती के पावन अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा संगठन के इतिहास में यादगार कदम साबित होगी। कार्यक्रम के अंत में समाज की एकता, शिक्षा और संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा की गई।

# मकान में चोरी करने वाले अभियुक्तको पुलिस ने पकड़ा

## - लोहे की पुरानी तिजोरी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में शनिवार की देर रात्रि थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मकान से चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 06 घण्टे के भीतर गिरतार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अलीगंज के रहने वाले व्यंकटेश करण मेहता द्वारा 18 अप्रैल को सेठ जी का बाड़ा अलीगंज स्थित अपने पुराने मकान में चोरी होने के सम्बन्ध में सूचना दी गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजी.त कर टीम गठित करते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को खूंटी चौराहे से सूचना के 06 घण्टे के भीतर गिरतार कर लिया गया। अभियुक्त की निशादेही पर चोरी की गई करीब 03 कुंतल वजन की लोहे की पुरानी तिजोरी बरामद की गई है। पकड़े गए अभियुक्त लल्लू पुत्र रामकेश निवासी अलीगंज थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0– 189/26 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना



कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली टीम में उ0नि0 अरविंद कुमार मौर्य चौकी प्रभारी अलीगंज कां0 अखिलेश कुमार कां0 धीरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# जेडीयू कार्यालय में मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) कार्यालय में भगवान




परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व शालिनी सिंह ने किया और जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य नागरिक उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके त्याग, तपस्या, शौर्य और न्यायप्रियता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, धर्म की स्थापना और समाज में संतुलन के महान प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पिंकी प्रजापति, ज्योति मौर्या, वरिष्ठ पत्रकार रजनी द्विवेदी, दिलीप द्विवेदी, भुवनेश्वर प्रसाद तिवारी तथा अंगराज त्रिवेदी सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में समरसता, शिक्षा के प्रसार, संगठन की मजबूती और आपसी एकता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार एवं बांदा प्रेस ट्रस्ट (बीपीटी) के संस्थापक अनिल तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें सत्य, साहस, अनुशासन और न्याय के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है तथा वर्तमान समय में समाज को जागरूक, संगठित और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की अत्यंत आवश्यकता है। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने तथा समाज और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया, साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में जेडीयू कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और समर्पण की सराहना की गई।

# पिस्टल लेकर घूम रहे अभियुक्तको पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा अवैध पिस्टल के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध पिस्टल बरामद हुआ है। गौरतलब हो कि रविवार को थाना गिरवां पुलिस को गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग के दौरान ग्राम स्योढ़ा से एक अभियुक्त को अवैध पिस्टल व जिन्दा कारतूस के साथ गिरतार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। गिरतार अभियुक्त राज उर्फ राहुल पुत्र रामसिंह निवासी खानपुर थाना गिरवां के विरुद्ध मु0अ0सं0– 128/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गिरवां में पंजीकृत किया गया। गिरतारी करने वाली टीम में गौरव कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी माँ विन्ध्यवासिनी धाम, हे0कां0 गोकुलेश कुमार मिश्रा, कां0 संजय कुमार शामिल रहे।

# भगवान परशुराम की शोभा यात्रा में हुई पुष्प वर्षा

## – भार्गव के लगे जयकारें

न्यूज वाणी ब्यूरो

असोथर, फतेहपुर। नगर पंचायत असोथर में अक्षय तृतीया पर्व सनातन परंपरा से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। भार्गव के ऊपर पुष्प वर्षा कर जयकारे लगाए गए। भगवान नारायण के छठे अवतार परशुराम जी की शोभा यात्रा नगर के प्रमुख गलियों में भ्रमण करते हुए अश्वत्थामा



आश्रम में विशाल मंच पर सुशोभित हुई जगह–जगह शोभा यात्रा का पूजन अभिनंदन हुआ एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर रामकिंकर अवस्थी रजत मिश्रा भृगुनंदन शुक्ला रज्जन शुक्ल शिवप्रकाश शुक्ला अभिषेक मिश्रा सोनू शुक्ला बच्चा तिवारी दीपू मिश्रा सोनू सिंह गौतम कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान दिनेश प्रताप सिंह कामता शुक्ला शिवम् अवस्थी राकेश अवस्थी रामशरन अवस्थी कल्लू अवस्थी चुन्नू तिवारी पुतानी महाराज मायादत्त तिवारी आशीष तिवारी बुद्धू महाराज बच्चा तिवारी दिवाकर त्रिपाठी,प्रवीण अग्रहरि सभासद, छोटे ठाकुर, काशी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सनातन समाजसेवी रहे।

# बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का जगह-जगह हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव का विभिन्न गांवों में भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिहरवा बौडर, मेडीपुर तथा टीकर गांव में स्थानीय लोगों और समर्थकों ने जगह–जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए।




टीकर ग्राम में ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र यादव व एडवोकेट के नेतृत्व में अध्यक्ष बाबू सिंह यादव का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्थानीय अधिवक्ताओं के आवास पर भी उनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। जिहरवा में पूर्व विधायक वीर अभिमन्यु उर्फ वीरान के आवास पर भी स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर इंद्रपाल सिंह यादव एडवोकेट, विपिन सिंह यादव एडवोकेट, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यादव एडवोकेट, अशोक सिंह, उमेश चंद्र एडवोकेट, कुलदीप, सुनील, सहित दर्जनों लोगों ने फूल–मालाओं और सम्मान स्वरूप भेंट देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आशा जताई कि बाबू सिंह यादव अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को नई दिशा प्रदान करेंगे। स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मांग पर विद्यालयों का समय परिवर्तित

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा की गई मांग के क्रम में भीषण गर्मी के .ष्टिगत बांदा में संचालित नर्सरी से लेकर के आठ तक के विद्यालयों में समय परिवर्तन हुआ। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि विगत दिनों जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर परिषदीय विद्यालयों में समय परिवर्तन की मांग की गई थी। जिसके क्रम में समस्त परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त आईसीएससी, सीबीएसई व अन्य बोर्ड से संचालित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में संचालन का समय तत्काल प्रभाव से प्रातः 7.30 से 12.30 बजे तक किया गया है। छात्र हित में लिए उक्त निर्णय पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# बिजली चोरी पकड़ने पहुंची विजिलेंस टीम पर हमला, दो घरों में बाईपास मिला- वीडियो वायरल

### –छापेमारी से बौखलाए आरोपियों ने टीम पर लगाए वसूली के आरोप, विभाग ने बताया निराधार

(संवाददाता) लखीमपुर खीरी । सदर कोतवाली क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए गठित विजिलेंस टीम ने अचानक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पहाड़ापुर निवासी शिव प्रसाद द्विवेदी समेत अन्य घरों में बिजली का बाईपास कनेक्शन पकड़ा गया। विजिलेंस टीम ने मौके पर जांच करते हुए पूरी कार्रवाई का वीडियो भी बनाया। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान टीम को विरोध का सामना करना पड़ा और आरोप है कि कुछ लोगों ने टीम के साथ अभद्रता करते हुए हमला करने की कोशिश की। वहीं, संबंधित पक्ष द्वारा विजिलेंस टीम पर मनगढ़ंत तरीके से अवैध वसूली के आरोप लगाए जा रहे हैं। विजिलेंस विभाग का कहना है कि यह आरोप पूरी तरह निराधार हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, टीम की कार्रवाई से घबराकर आरोपियों द्वारा झूठी कहानी गढ़ी जा रही है ताकि उनके खिलाफ होने वाली कार्रवाई से बचा जा सके। इधर, छापेमारी के दौरान बिजली चोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर बाईपास के जरिए बिजली चोरी होते देखी जा सकती है। विजिलेंस टीम की लगातार हो रही सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 41 मरीजों का उपचार

### –राजपुर पीएचसी में , बुखार, पेट दर्द के मरीज पहुंचे

(संवाददाता) कानपुर देहात। राजपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 41 मरीजों का मेडिकल परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य मेला आयोजित किए जाता हैं। इनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. मनोज सर्राफ, डॉ. अनूप द्विवेदी और फार्मासिस्ट भोलेंद्र सिंह ने मरीजों का उपचार किया। इनमें सबसे अधिक 7 मरीज बुखार के थे, जबकि 5 पेट दर्द और 4 त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। ईएनटी के भी दो मरीज पहुंचे। बुखार से पीड़ित सभी मरीजों और गर्भवती महिलाओं की खून की जांच की गई, जिसके बाद उन्हें आवश्यक दवाएं दी गईं। डॉ. अनूप द्विवेदी ने मरीजों को बढ़ती गर्मी से बचाव के उपाय भी बताए। उन्होंने सलाह दी कि लोग ताजा भोजन करें, अधिक पानी पिएं, धूप में निकलते समय पूरे कपड़े पहनें और तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें।

# टूटे पोल से बिजली आपूर्ति, विभाग की लापरवाही से मंडरा रहा बड़ा हादसा

(संवाददाता) सुमेरपुर (हमीरपुर)। सुमेरपुर कस्बे के वार्ड संख्या पांच में विद्युत विभाग की लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। 14 अप्रैल को नीम का पेड़ काटते समय वह विद्युत लाइन पर गिर गया था, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के पांच दिन बाद भी विभाग ने पोल नहीं बदला और उसी टूटे पोल से लटकती केबिलों के जरिए बिजली आपूर्ति जारी रखी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षतिग्रस्त पोल और ढीली लटकती केबिलें कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। इसके बावजूद विभाग केवल अस्थायी मरम्मत कर मामले को टाल रहा है। इससे वार्डवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सभासद राजेश कुमार वर्मा, राजेंद्र चौधरी, माहेश्वरीदीन, बाबूलाल, पप्पू पाल, गंगाराम और कल्लू सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि पेड़ गिरने से पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। विभाग ने पोल बदलने के बजाय केवल केबिल ठीक कर आपूर्ति चालू कर दी। वहीं अवर अभियंता का कहना है कि ठेकेदार सड़क हादसे का शिकार हो गया था, जिस कारण पोल बदलने में देरी हुई। उन्होंने आश्वासन दिया कि शनिवार शाम तक नया पोल लगा दिया जाएगा।



# 2 लाख रुपये की नगदी और सोने के जेवरात लेकर घर से भागी 16 वर्षीय किशोरी, दो युवकों पर लगा भगाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

(संवाददाता) हमीरपुर। जनपद में चिकासी थाना क्षेत्र के जिगनी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 16 वर्षीय एक किशोरी कूड़ा फेंकने के बहाने घर से भाग कर फरार हो गई है। किशोरी अपने साथ 2 लाख रुपए की नगदी और सोने के जेवरात भी साथ ले गई है। वहीं लापता हुई किशोरी के पिता ने पीलीभीत जनपद के निवासी हार्वेस्टर चालक इमरान और उसके साथी रिहान पर बहलाफुसला कर पुत्री को भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए चिकासी थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। चिकासी थाना क्षेत्र के जिगनी गांव के निवासी एक व्यक्ति ने चिकासी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 6रू30 बजे उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री अपने घर से कूड़ा कचरा फेंकने के लिए गई हुई थी। बताया कि जब काफी समय तक वापस घर नहीं लौटी तो उन लोगों ने उसकी सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन शुरू कर दी लेकिन उसकी पुत्री का कहीं पर भी पता नहीं चल सका। बताया कि पीलीभीत जनपद का निवासी हार्वेस्टर चालक इमरान और उसका साथी रिहान बहलाफुसला कर उसकी नाबालिग पुत्री को भगाकर अपने साथ ले गये हैं। बताया कि उसकी पुत्री घर में रखें 2 लाख रुपये की नगदी सहित सोने के जेवरात भी अपने साथ ले गई है। बताया कि उसने अब चिकासी थाने में लिखित तहरीर देकर दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में चिकासी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आवश्यक कार्रवाई कराई जा रही है।

# डीएम ने विकास योजनाओं की समीक्षा, गुणवत्ता व समयबद्धता पर जोर

### - हैंडपंप कब्जा हटाने, पेयजल व्यवस्था सुधारने व योजनाओं में तेजी के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिजिटल लाइब्रेरी, स्वच्छ भारत मिशन, जीरो पॉवर्टी, पीएम सूर्य घर योजना, स्कूल चलो अभियान, आयुष्मान कार्ड, आईजीआरएस, गोशाला एवं पेयजल सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सिरसा नदी के पास 17 स्थानों पर बनाए गए फिल्टर चौंबर की जानकारी देते हुए निर्देश दिए गए कि हर 3–4 माह में इसकी समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। ग्रामीण पेयजल व्यवस्था में 392 हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई है। सभी सरकारी हैंडपंपों को सार्वजनिक संपत्ति बताते हुए उन पर अवैध कब्जा हटाने और नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नहरों के माध्यम से तालाबों को भरवाने पर जोर दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के तहत 50,754 जियो टैगिंग के सापेक्ष 50,687 शौचालय पूर्ण पाए गए। स्वयं सहायता समूह के कर्मियों को समय से मानदेय भुगतान और पंचायत स्तर पर सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गोशालाओं की समीक्षा में 71 में से 58 में वर्मी कम्पोस्ट संचालन पाया गया। सभी गोशालाओं में इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने और गोबर के समुचित प्रबंधन पर जोर दिया गया। डिजिटल लाइब्रेरी के तहत 117 ग्राम पंचायतों में फर्नीचर की गुणवत्ता, पुस्तकों के रख–रखाव एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जीरो पॉवर्टी योजना में लंबित राशन कार्ड सत्यापन और आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों के सत्यापन कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। दिव्यांग पेंशन के लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु कैंप लगाने को कहा गया। स्कूल चलो अभियान 2026 के अंतर्गत आंगनबाड़ी के 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का कक्षा–1 में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित करने और उपचार से मना करने पर शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गोवंश संरक्षण के तहत चारा, पानी और देखभाल की समुचित व्यवस्था के साथ सीसीटीवी मॉनिटरिंग को मजबूत करने और नेपियर घास रोपण को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उप .षि निदेशक आर. एन. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्र, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




# डीएम ने गेहूं खरीद व फार्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी लाने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गेहूं खरीद, फार्मर रजिस्ट्री और जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीद की गति बढ़ाई जाए और लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाए, क्योंकि वर्तमान में खरीद अपेक्षा.त कम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी खरीद केंद्र पर बारदाने की कमी न हो और सभी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अनावश्यक होर्डिंग पर रोक लगाने और पीसीएफ को तेजी से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए गए कि किसी भी किसान को फार्मर आईडी या अन्य कारणों से वापस न किया जाए। पंजीकरण और सत्यापन की सभी लंबित प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने तथा किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा गया। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर निस्तारित करने और अधिक से अधिक फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए गए। चकरनगर, सैफई और ताखा में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने पर जोर दिया गया। अन्नपूर्णा योजना 2026–27 के अंतर्गत सैफई और ताखा में 11–11 तथा अन्य चार तहसीलों में 15–15 कोटे की दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। निर्देश दिए गए कि दुकानों का निर्माण विवाद रहित भूमि पर और आवश्यकतानुसार चयनित गांवों में कराया जाए। जनगणना कार्य की समीक्षा में निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने, तहसील स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने, हेल्प डेस्क स्थापित करने और तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप .षि निदेशक आर. एन. सिंह, सभी उपजिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तथा जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# डिप्टी सीएम ने स्वशासी राज्य चिकित्सालय महाविद्यालय का किया दौरा

### - सौ शैया युक्त संबंध चिकित्सा का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सदर विधायक मनीष असीजा, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर सहित जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ 200 सैया युक्त स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सौ सैया युक्त सम्बद्ध चिकित्सालय का सघन निरीक्षण किया और अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया व मरीजों को मिल रहे उपचार की गुणवत्ता को परखा। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सीधे जनरल वार्ड में पहुंचे और वहां भर्ती मरीजों से संवाद किया। बाल किशन नामक मरीज से वार्ता करते हुए उन्होंने विशेष रूप से पूछा कि उन्हें अस्पताल से दवाइयां मिल रहीं है या फिर बाहर से खरीदनी पड रही है? इस पर बाल किशन ने अस्पताल परिसर में दवा मिलने की बात कही। उन्होंने, जनरल वार्ड में शिल्पी नामक मरीज से भी वार्ता की तथा रोगियों के स्वास्थ्य व उनको मिल रहे इलाज के विषय में जानकारी ली। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने एनआईसीयू और अन्य महत्वपूर्ण विभागों की कार्यप्रणाली को साफ–सफाई और उपकरणों की उपलब्धता को देखा। साफ–सफाई और उपकरणों की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, सीएमएस और सीएमओ को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि, अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समस्त अनुमन्य सुविधाएें अनिवार्य रूप से मुहैया कराई जाएं, मरीजों को बाहर से दवा लिखने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, जन सेवा ही प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार, स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, और मरीजों की सुविधा में कमी पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।



# तहलसीलदार के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद में तैनात तहसीलदार राखी शर्मा के विरुद्ध गंभीर अनुशासनहीनता और नियमों के उल्लंघन के मामले में कड़ी कार्रवाई की गई है। परिषद द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सुश्री राखी शर्मा को तत्काल प्रभाव से जनपद फिरोजाबाद से हटाकर राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) से संबद्ध कर दिया गया है। साथ ही जमीन संबंधी प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।



# महर्षि भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। अक्षय तृतीया वैशाख शुक्ल तृतीया, संवत् 2083 के अवसर पर आचार्य पंडित शिव नारायण शास्त्री के सानिध्य में सिटी के सुहाग नगर स्थित महर्षि भगवान परशुराम मन्दिर पार्क में रविवार को महर्षि भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महर्षि भगवान परशुराम सेवा मंच के बैनर तले वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान समारोह और महर्षि भगवान परशुराम के अभिषेक, हवन, पूजन, श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र मोहन शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार शर्मा एडवोकेट, नगर निगम के उप सभापति विजय शर्मा, पार्षद पूनम शर्मा, सुनील मिश्रा, नरेश चन्द्र शर्मा (नीटू), महर्षि भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति 2026 के अध्यक्ष सुनील वशिष्ट, सुभाष शर्मा, पन्ना लाल शर्मा, अशोक कुमार एडवोकेट, सर्वेश दीक्षित, भैरी लाल पाठक, अरविंद पचौरी, गीता देवी, बिट्टो देवी शर्मा, क्रीट शर्मा, विक्रम पचौरी, राकेश शर्मा, चंद्रपाल शास्त्री, विमलेश राजौरिया, अनुराग वित्यारिया, पवन दीक्षित, अतुल शर्मा, पुनीत शर्मा, गौरी शंकर शर्मा व अन्य विप्र बंधु उपस्थित रहे।



# भरथना में परशुराम जयंती शोभा यात्रा शांतिपूर्ण सम्पन्न

### – एएसपी ग्रामीण श्रीश चन्द्र की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भगवान परशुराम जयंती (अक्षय तृतीया) के अवसर पर थाना भरथना क्षेत्र में आयोजित शोभा यात्रा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। शोभा यात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए भरथना कस्बे के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर सम्पन्न हुई। कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यात्रा के दौरान पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर भीड़ को नियंत्रित किया गया और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सतर्कता बरती गई। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक डायवर्जन भी लागू किए गए, जिससे आमजन को न्यूनतम असुविधा हो। इस दौरान क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना भरथना सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



# महिला ने पारिवारीजनों पर लगाया मकान पर जबरन कब्जा करने सहित गाली गलौज कर धमकाने का आरोप, की शिकायत

(संवाददाता)

हमीरपुर। जनपद में राठ कस्बे के अतरौलिया इलाके की निवासी महिला ने अपने परिवार के ही दो लोगों पर जबरन उसके हिस्से वाले मकान में कब्जा करने का आरोप लगाया है पीड़ित महिला का कहना है कि जब वह कब्जाधारियों से मकान से कब्जा छोड़ने के लिए कहती है तो उक्त दबंग उसके साथ गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकियां देते हैं। बताया कि उसने जिला अधिकारी सहित पुलिस अधीक्षक व कोतवाली में लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

राठ कस्बे के अतरौलिया इलाके की निवासी महिला मीना पत्नी स्वर्गीय रामजीवन ने आज राठ कोतवाली में पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि उसके पति ने दो विवाह किए थे तथा वह अपने पति की पहली पत्नी है। बताएं कि उसके स्वर्गवासी हो चुके पति की सभी संपत्ति पर उसका बराबर हक और हिस्सा है। बताया कि राठ कस्बे के अतरौलिया इलाके में उसके पति के दो आवासीय मकान है तथा इन दोनों मकानों पर उसके परिवार के ही दो दबंग व्यक्ति जबरन तरीके से कब्जा किए हुए हैं। तथा मना करने पर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने के लिए आमादा हो जाते हैं। बताया कि वर्तमान में उसकी चारों पुत्रियां विवाह के लायक है। तथा मकान पर कब्जा न छोड़ने की वजह से वह बाहर रहकर मजदूरी कर अपना भरण पोषण करती है। पीड़ित महिला मीना ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से उसे पति के मकान पर उसका हिस्सा और हक दिलाए जाने की गुहार लगाई है। वहीं मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कराई जा रही है।

# विशेश्वर धाम में परशुराम जयंती पर हुआ हवन-पूजन व भंडारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। नगर के कोठी कैस्त स्थित विशेश्वर धाम मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का



तांता लगा रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन–पूजन से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख–समृद्धि और कल्याण की कामना की। सर्वसमाज के लोगों ने बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाई और आयोजन को सफल बनाया। हवन के उपरांत मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। ब्राह्मण स्वाभिमान समिति के अध्यक्ष रामरूप दुबे और कार्यक्रम संयोजक ऋषिकांत चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान परशुराम शक्ति, धर्म और न्याय के प्रतीक हैं। उनकी जयंती पर ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रमेश नरेश शर्मा, प्रदीप पांडे, संजय दुबे, राजीव मिश्रा, पवन दुबे, बंटी बाजपेई, नंदकिशोर दुबे, लालजी मिश्रा, दीपक त्रिपाठी, संजीव तिवारी, नंदकिशोर अग्निहोत्री, उमेश दुबे, नीरज दुबे, रामसुंदर मिश्रा, वीरेंद्र, कमलेश तिवारी, सत्यनारायण दुबे, संजीव पाठक, राम उपाध्याय, रवि चौहान, भोलू ठाकुर, सत्यनारायण संखवार, राहुल गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति और स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और जयकारों की गूंज बनी रही।

# परशुराम जयंती पर मुस्लिम समुदाय ने किया भव्य स्वागत

## - शाह कस्बे के खान मार्केट में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शाह कस्बा परशुराम जयंती के पावन अवसर पर खान मार्केट में इस वर्ष भी भव्य स्वागत कार्यक्रम का







आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला, जहां सजावट, स्वागत द्वार और धार्मिक गीतों ने माहौल को पूरी तरह आस्था से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम स्थल से गुजरने वाले हर व्यक्ति का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिससे लोगों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलकता नजर आया। इस भव्य आयोजन की अगुवाई एडवोकेट इरफान खान उर्फ गुड्डू खान साहब ने की। उनके नेतृत्व में स्थानीय व्यापारियों के साथ–साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया और आपसी एकता व भाईचारे का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों की सक्रिय भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि सामाजिक सौहार्द ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। आगंतुकों को जलपान के रूप में पानी, शीतल पेय एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई। सेवा कार्य में लगे स्वयंसेवकों ने पूरे अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। आयोजन स्थल पर साफ–सफाई, सुरक्षा और सुव्यवस्थित संचालन ने कार्यक्रम को और भी सफल बनाया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा भाव, अनुशासन और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। लोगों ने एक–दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन केवल ध ार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव का मजबूत संदेश देने में भी सफल रहा। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी सांस्तिक परंपराओं को जीवित रखने के साथ–साथ समाज में प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना को भी सु.ढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी विश्वास बना रहे। इस कार्यक्रम में बउवन शुक्ला, प्रीतम सिंह, जसवंत मौर्य, फिरोज आलम उर्फ बब्लू सिद्दीकी, दीपक गुप्ता, अंकित दीक्षित, फिरोज खान, उस्मान खान सहित क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का उत्.ष्ट उदाहरण बताया। कुल मिलाकर, खान मार्केट में आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और एकता का अद्भुत संगम बनकर सामने आया, जिसने समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया।

# मिशन शक्ति के तहत इकदिल में चला जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा थाना इकदिल क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं एवं आमजन को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक



किया। कार्यक्रम में पुलिस द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 102, 108, 1090, 1098, 181, 1076 एवं 1930 की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को आगाह किया गया कि वे किसी अंजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। इसके अलावा ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं।

# एएसपी की मौजूदगी में परशुराम जयंती शोभा यात्रा सकुशल सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के अवसर पर शहर क्षेत्र में आयोजित शोभा यात्रा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया, जबकि



अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। शोभा यात्रा निध ारित मार्गों से गुजरते हुए नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों से होकर सम्पन्न हुई। कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया यात्रा के दौरान पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर भीड़ को नियंत्रित किया गया और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सतर्कता बरती गई। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक डायवर्जन भी लागू किए गए, जिससे आमजन को न्यूनतम असुविधा हो। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# अक्षय तृतीया पर जैन महिलाओं ने बांटा गन्ने का रस

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर नगर में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के प्रथम आहार की स्मृति में जैन समाज की महिला मंडल द्वारा गन्ने के




रस का वितरण किया गया। मान्यता के अनुसार भगवान आदिनाथ को कठोर तपस्या के बाद गन्ने के रस का प्रथम आहार कराया गया था। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जैन महिला मंडल पिछले 26 वर्षों से निरंतर यह सेवा कार्य करता आ रहा है। इस वर्ष भी महिला मंडल द्वारा भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालुओं को गन्ने का रस वितरित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्तिमय रहा और लोग श्रद्धा के साथ इस पुण्य अवसर में शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी देखने को मिली, जिससे धार्मिक परंपरा के साथ सामाजिक एकता का संदेश भी प्रसारित हुआ। अक्षय तृतीया का पर्व नगर में हर्षोल्लास और सेवा भावना के साथ मनाया गया।

# दिलदारनगर जंक्शन पर समर स्पेशल ट्रेनों का ठहराव, यात्रियों में खुशी

न्यूज वाणी ब्यूरो

दिलदारनगर, गाजीपुर। आगामी ग्रीष्म अवकाश को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नई दिल्ली–दानापुर तथा मदार–पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का ठहराव दिलदारनगर जंक्शन पर प्रदान किया है। इस निर्णय से क्षेत्रीय नागरिकों, व्यापारियों और रेल यात्रियों में खुशी की लहर है। नई दिल्ली–दानापुर आरक्षित स्पेशल ट्रेन संख्या 04088 दिल्ली से दोपहर 15.50 बजे प्रस्थान कर टूंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए दिलदारनगर जंक्शन पर प्रातः 9.42 बजे रुकेगी। इसके बाद यह बक्सर, रघुनाथपुर और आरा होते हुए दोपहर 12.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वहीं वापसी में ट्रेन संख्या 04087 दानापुर से 15.10 बजे खुलकर आरा, रघुनाथपुर और बक्सर होते हुए दिलदारनगर जंक्शन पर 17.15 बजे ठहराव करेगी। इसके बाद यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, गोविंदपुरी और टूंडला होते हुए अगले दिन 13.30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त, मदार.पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09601/09602 का संचालन भी घोषित किया गया है। ट्रेन संख्या 09601 (मदार से पटना) 23 अप्रैल से 9 जुलाई तक कुल 12 ट्रिप में चलेगी। यह ट्रेन सुबह 6.40 बजे मदार से रवाना होकर सूबेदारगंज और प्रयागराज होते हुए दिलदारनगर जंक्शन पर 15.45 बजे रुकेगी तथा बक्सर, रघुनाथपुर, आरा और दानापुर होते हुए रात्रि 20रू15 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 09602 पटना से मदार 24 अप्रैल से 10 जुलाई तक कुल 12 ट्रिप में संचालित होगी। यह ट्रेन पटना से 10.15 बजे खुलकर दानापुर, आरा, रघुनाथपुर और बक्सर होते हुए दिलदारनगर जंक्शन पर 12.43 बजे ठहरेगी। इसके बाद प्रयागराज जंक्शन और सूबेदारगंज होते हुए अगले दिन 12.31 बजे मदार जंक्शन पहुंचेगी।



4.Train no.04088/04087 New Delhi – Danapur – New Delhi Reserved Special Express

| | | | |
|---|---|---|---|
| Duration | Ex. NDLS | 20.04.2026 to 15.07.2026 (Except-21.05.26, 22.05.26, 23.05.26, 24.05.26 & 25.05.26) | |
| | Ex. DNR | 21.04.2026 to 16.07.2026 (Except-22.05.26, 23.05.26, 24.05.26, 25.05.26 & 26.05.26) | |
| Frequency | Ex NDLS | Daily | |
| | Ex DNR | Daily | |

| 04088 New Delhi – Danapur Arr. | Dep. | Station Name | Code | 04087 Danapur – New Delhi Arr. | Dep |
|---|---|---|---|---|---|
| ---- | 1550 | New Delhi | NDLS | 1330 | ---- |
| 1933 | 1935 | Tundla Jn | TDL | 0700 | 070 |
| 2350 | 2355 | Govindpuri | GOY | 0250 | 025 |
| 0300 | 0305 | Prayagraj Junction | PRYJ | 2320 | 232 |
| | | via MZP | | | |
| 0850 | 0900 | Dd Upadhyaya Jn | DDU | 1915 | 192 |
| 0940 | 0942 | Dildarnagar Jn | DLN | 1715 | 171 |
| 1010 | 1012 | Buxar | BXR | 1645 | 164 |
| 1042 | 1044 | Raghunathpur | RPR | 1613 | 161 |
| 1120 | 1122 | Ara | ARA | 1540 | 154 |
| 1245 | ---- | Danapur | DNR | ---- | 151 |

| आगमन | प्रस्थान | | आगमन |
|---|---|---|---|
| --- | 06.40 (गुरुवार) | मदार जं. | 13.20 (शनिवार) |
| 06.55 | 06.57 | किशनगढ़ | 12.31 |
| 08.40 | 08.50 | जयपुर | 11.00 |
| 09.01 | 09.03 | गांधीनगर जयपुर | 10.27 |
| 10.38 | 10.40 | बांदीकुई | 07.00 |
| 11.50 | 11.55 | भरतपुर | 04.05 |
| 12.45 | 12.50 | ईदगाह | 03.15 |
| 14.55 | 15.00 | टूंडला | 02.25 |
| 16.08 | 16.10 | इटावा | 00.01(शनिवार) |
| 19.15 | 19.20 | गोबिन्दपुरी | 22.25 |
| 22.25 | 22.30 | सूबेदारगंज | 18.10 |
| 02.55 | 03.05 | पं. दीन दयाल उपा. | 15.10 |
| 03.45 | 03.47 | दिलदारनगर | 12.43 |

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष दिनेश अकेला ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर रेल मंत्रालय ने सकारात्मक पहल की है। उन्होंने मांग की कि भविष्य में नियमित ट्रेनों का भी ठहराव दिलदारनगर जंक्शन पर सुनिश्चित किया जाए। समर स्पेशल ट्रेनों के इस ठहराव से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना

## - लखनऊ से स्पेशल ट्रेन से गुजरात पहुचेगा दल, 24 अप्रैल को वापसी



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत जनपद से तीर्थ यात्रियों का जत्था विकास भवन परिसर से रवाना हुआ। जिला पर्यटन अधिकारी एवं सचिव, जिला पर्यटन एवं संस्.ति परिषद मोहित सिंह तथा जिला उपाध्यक्ष सदस्य .पा नारायण तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को लखनऊ के लिए प्रस्थान कराया। यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य लोगों को भारत की समृद्ध सांस्.तिक विरासत और आस्था से जोड़ना है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले से तीर्थ यात्रियों के साथ एक नोडल अधिकारी को सोमनाथ मंदिर के दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। पर्यटन अधि ाकारी ने बताया कि यह पहल भारतीय संस्.ति, आस्था और आत्मगौरव को सु.ढ़ करने का माध्यम है। जनपद से चयनित तीर्थ यात्रियों में महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं। यात्रा के लिए धीरेन्द्र कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। तीर्थ यात्री 19 अप्रैल को लखनऊ से स्पेशल ट्रेन द्वारा 21 अप्रैल को गुजरात पहुंचेंगे, जहां 22 और 23 अप्रैल को धार्मिक एवं सांस्.तिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 24 अप्रैल को यात्रियों की वापसी प्रस्तावित है।

# पिलुआ महाराज मंदिर के पर्यटन विकास हेतु डीएम ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वर्ष 2026–27 राज्य योजना के अंतर्गत जनपद स्थित पिलुआ महाराज मंदिर परिसर के समग्र पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधि ाकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रस्तावित



कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। संस्.ति पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह को निर्देशित करते हुए कहा गया कि कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

**सूचना**

मेरे पुत्र अंश पाण्डेय का जन्म दिनांक 20–10–2010 को घर पर हुआ था। पुत्र की माता का नाम रेखा पाण्डेय है। अज्ञानतावश पुत्र के जन्म का पंजीयन नहीं करवाया था। अब मुझे जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। इसलिए तेलियानी विकास खण्ड कार्यालय की ओर से पुत्र के जन्म का पंजीयन करके जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। भविष्य में कोई कानूनी वाद–विवाद होता है तो इसकी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। पंकज पाण्डेय पुत्र करूणा शंकर पाण्डेय निवासी–नऊवाबाग मरहरा (बकन्धा) ब्लाक– तेलियानी, जनपद– फतेहपुर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै रिटायर्ड आर्मी परसन हूँ। मेरा आर्मी न0 16012551ए हवलदार है। मेरे विभाग की सर्विस बुक में मेरी पत्नी शबनम की जन्मतिथि 10.11.1988 दर्ज है। जबकि वास्तविक जन्मतिथि 18.03.1992 है जो सही है और सभी शैक्षिक अभिलेखो में अंकित है इसलिये मेरी सर्विस बुक में सही जन्मतिथि 18.03.1992 अंकित किया जाना आवश्यक है। सौकत अली पुत्र जहूर अहमद निवासी मोहल्ला अमरजई नवइया तालाब तहसील व जिला फतेहपुर उ0प्र0।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम तनिष्का मौर्या है। यही नाम उसके विघालय मे भी दर्ज है। पुत्री का जन्म सुमन नर्सिंग होम फतेहपुर में 26.10.2022 को हुआ था। गलती से नगर पालिका परिषद फतेहपुर द्वारा जारी किये गए जन्म प्रमाण पत्र सख्या ठ.20229.90432.003929 में यशी अंकित हो गया जबकि सही नाम तनिष्का मौर्या है । अतः जारी किये गए प्रमाण पत्र में यशी के स्थान पर तनिष्का मौर्या नाम दर्ज किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। विनीता देवी पत्नी नरेश कुमार मौर्य निवासिनी 249 आदर्श नगर सिविल लाइन्स फतेहपुर उ0प्र0।

# बहुचर्चित हसनपुर कसार मामले में कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ क्रॉस केस

## - हत्या के प्रयास व अपहरण की धाराएं शामिल, अभियुक्तों की तलाश कर रही पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के पूरे काशी मजरा हसनपुर कसार गांव में हुए बहुचर्चित विवाद में न्यायालय के आदेश पर आखिरकार पुलिस ने हत्या के प्रयास और अपहरण सहित गंभीर धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घटना 18 मार्च की शाम करीब 7.45 बजे की है। जब खेतों में नुकसान की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि अब्दुल जब्बार, अब्दुल गफार, अकबर अली, अंसार अली, मोहम्मद यूसुफ उर्फ बावली समेत कई नामजद व 15–16 अज्ञात लोग लाठी–डंडा, सरिया व तमंचा लेकर एकराय होकर शहादत अली के दरवाजे पर चढ़ आए और गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शहादत अली को बचाने पहुंचे पड़ोसी लाल मियां को भी आरोपियों ने निशाना बनाया। बताया जाता है कि हमलावरों ने लाल मियां पर फायरिंग भी की, हालांकि गोली नहीं लगी। इसके बाद दोनों को लोहे की रॉड व सरिया से गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के दौरान लाल मियां की पत्नी साजदुन बीवी के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावर





लाल मियां को जबरन उठाकर ग्राम प्रधान के दरवाजे तक ले गए, जहां से ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद उन्हें छुड़ाया जा सका। इस दौरान आरोपियों द्वारा हवाई फायरिंग किए जाने से गांव में अफरा–तफरी और दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सूचना के बावजूद पुलिस ने तत्काल उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, बल्कि दूसरे पक्ष की तहरीर पर 19 मार्च को लाल मियां व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें शांति भंग में चालान कर दिया गया। बाद में धाराओं में बढ़ोतरी के चलते उन्हें जेल भेज दिया गया। न्याय न मिलने पर साजदुन बीवी ने अपने अधिवक्ताओं वरिश्ठ अधिवक्ता जावेद खान व शोएब खान एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई करते हुए अपर सिविल जज (सी.डी.) ललिता यादव ने 4 अप्रैल को संबंधित प्रकरण में अभियोग पंजी.त करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अब पुलिस ने 11 नामजद व 15–16 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, अपहरण व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरतारी के लिए दबिश दी जा रही है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# हाईवे पर ट्रक से भिड़ा ट्रक, युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पालीटेक्निक के समीप एनएच–2 में आगे जा रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया जिससे पीछे आ रहा ट्रक भिड़ गया। जिससे 33 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद जनपद के थाना शिकोहाबाद गांव डाहनी निवासी नरेश का पुत्र नवल किशोर ट्रक से जा रहा था। बताते हैं कि सदर कोतवाली के पालीटेक्निक के पास एनएच–2 में आगे जा रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे आ रहा ट्रक भिड़ गया। जिससे नरेश के पुत्र नवल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# तापमान बढ़ने व तेज हवाएं चलने से गर्मी दिखा रही असर

## - धूप से बचने के लिए उपाय कर रहे लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चालू माह के 19 दिन पूरे हुए हैं और तापमान बढ़ने व तेज हवाएं चलने से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी और तापमान में प्रतिदिन हो रही बढ़ोत्तरी से अब लोगों के चेहरे लाल होने लगे हैं। लोगों के बीच ठंडे पेय पदार्थों



के साथ–साथ पानी की दरकार बढ़ गई है। लोग अपने जरूरी कामकाजों को सुबह व शाम को निपटा रहे हैं। सड़कों पर निकलने वाली महिलाएं एवं पुरुष अपने शरीर को ढक हुए देखे जा सकते हैं। रविवार को सुबह से ही तेज धूप आसमान में आ गई। युवतियां व महिलाएं मुंह में दुपट्टा बांधकर पूरा मुंह ढके रही और हाथों में छतरी लेकर धूप से बचने का प्रयास करती रही। सूरज की तपन से लोग बेहाल हो उठे। सबसे अधिक छोटे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अभी विद्यालयों में नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ है। हालांकि आज रविवार रहा। जिससे बच्चे अपने–अपने घरों में हैं। स्कूल के समय तेज धूप के बीच बच्चे असरे सरों को अंगोछे व छतरी के सहारे ढक कर निकलते हैं। रास्ते में बच्चे अपने साथ लिए पानी की बोतल से गला तर करते हुए भी दिख जाते हैं। बच्चों के अलावा पशु–पक्षी भी प्यास बुझाने के लिए नलों के आसपास देखे जा सकते हैं। ग्रामीणांचलों का भी हाल बेहाल है। तालाब और पोखरें सूख गये हैं। जलस्तर धीरे–धीरे घटने से शहर में पानी की दिक्कतें भी शुरू हो गई हैं। शहर के कई इलाकों में जलस्तर इतना घट गया है कि हैंडपंपों ने पानी उगलना बंद कर दिया है लेकिन गर्मी को देखते हुए जल निगम द्वारा किसी भी तरह की अब तक कोई कार्य चालू नहीं किया गया। शहर के अधिकांश इंडिया मार्क हैंडपम्प बिगड़े पड़े हैं।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर में घर के सामने इलाज कर वापस लौट रही 66 वर्षीय वृद्ध महिला को तेज रतार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अल्लीपुर निवासी अनीस की पत्नी अजमेरून निशा पुत्र के साथ मेडिकल कालेज इलाज कराने आई थी। बताते हैं कि घर वापस जाते समय जब वह सड़क पार कर रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रतार बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# संदिग्ध हालत में महिला ने लगाई फांसी

## – मृतका के चाचा ने ससुरालीजनों पर लगाया हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बबई में संदिग्ध परिस्थितियों में 26 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका के चाचा ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार बबई गांव निवासी अतुल कुमार की पत्नी चांदनी देवी ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पति का कहना है कि मोबाइल को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसके चलते उसने फांसी लगा लिया। वहीं मृतका का चाचा झगड्डू ने बताया कि ससुर ने उसकी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दिया है। जिसका वह चश्मदीद गवाह है। मृतका का बेटा विनायक व बेटी प्रगति है। पुलिस ने मृतका के ससुर को थाने ले आई है।

# चाय पर बढ़ी सियासत : आर्यन पहुचे अखिलेश के द्वार

## - सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भेंट किए पीतल के बर्तन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आर्यन यादव चायवाले से जुड़ा विवाद अब लखनऊ पहुंच गया है। रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आर्यन यादव को पार्टी मुख्यालय बुलाया और पीतल के बर्तन गिट किए।



अब आर्यन और उसके पिता शेषमन यादव एल्युमिनियम की जगह पीतल के बर्तन में चाय बनाकर बेचेंगे। दरअसल, आर्यन यादव ने एक दिन पहले आरोप लगाया था कि फूड एंड सेटी विभाग के अफसरों ने उनकी दुकान पर चाय पत्ती का सैंपल लिया। अफसरों ने एल्युमिनियम के बर्तन में चाय बनाने पर चेतावनी दी। आर्यन यादव ने यह भी आरोप लगाया कि दो महीने पहले जबसे अखिलेश यादव उनकी दुकान पर चाय पीकर गए हैं, इलाके के कुछ दबंग उनको परेशान कर रहे हैं। दो दिन पहले दबंगों ने उनकी दुकान पर आकर मारपीट की है। आर्यन ने तो मारपीट की वजह से दुकान बंद करने और अपना गांव छोड़कर कहीं और जाने का ऐलान कर दिया था। जब यह खबर अखिलेश यादव तक पहुंची तो उन्होंने आर्यन यादव को लखनऊ बुलाया। सपा दतर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्यन को थर्मस और पीतल का पतीला गिट किया। इस मौके पर अखिलेश ने कहा कि हाल फिलहाल यही बर्तन मिल पाए हैं हमें। अभी और बर्तन आएंगे। वह चार पीतल का पतीला आर्यन को देंगे। बताइए इन लोगों का भी अपमान हुआ। जो पीड़ित हैं, जिनका अपमान हुआ, वो सब अब हमारे साथ हैं। अखिलेश ने मंच पर बुलाकर आर्यन यादव और उसके पिता शेषमन यादव को बर्तन सौंपा। इस मौके पर आर्यन ने मीडिया को बताया कि उसको धमकी दी जा रही है। विपक्षी पार्टी वाले कह रहे हैं कि अगर तुमने केस वापस नहीं लिया तो तुम्हारे खिलाफ लगातार झूठे केस करते रहेंगे। तुम्हें जेल में सड़ा देंगे। इस पर अखिलेश ने आर्यन को आश्वस्त किया कि वह परेशान न हो। उसके खिलाफ कोई कुछ नहीं कर पाएगा। इस मौके पर खागा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामतीर्थ परमहंस, सपा नेता अंकित यादव भी मौजूद रहे।

### दो माह पहले अखिलेश ने पी थी चाय

बता दें कि दो महीने पहले अखिलेश यादव फतेहपुर दौरे पर गए थे। वहां चौकी चौराहा स्थित शेषमन की फेमस चाय दुकान पर वह थोड़ी देर रुके थे। दुकानदार आर्यन यादव ने अखिलेश को दो कप चाय पिलाई थी। चाय पीने के बाद अखिलेश यादव ने काफी तारीफ की थी। आर्यन यादव की अखिलेश के साथ फोटो और वीडियो भी वायरल हुई थी। इसके बाद आर्यन अपने इलाके में काफी मशहूर हो गया। लोग दूर–दूर से उसकी चाय पीने आने लगे।

### पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ झगड़ा

कुछ दिन पहले पैसों के लेनदेन के विवाद में आर्यन का इलाके के कुछ लोगों से झगड़ा हो गया। दोनों तरफ से हुई मारपीट में कई लोगों को चोट आई। आर्यन यादव की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष पर केस दर्ज कर लिया है। इस बीच, फूड और सेटी विभाग के अफसर भी दुकान पर पहुंच गए। उन्होंने चायपत्ती की सैंपल ली और एल्युमिनियम के बर्तन में चाय न बनाने की चेतावनी दी। यह बात आर्यन यादव ने अपने फेसबुक पेज पर लिखकर बताया।

# हिंदू महासभा ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली शोभा यात्रा

## - भगवान को जातियों के भेदभाव से रखना होगा दूर : मनोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा के आयोजित रेणुकानंदन भार्गव श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से शोभा यात्रा निकालकर सर्व समाज द्वारा द्विवेदी टावर आईटीआई रोड में पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर दो बजे तक चलता रहा। सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण पूजा आरती करके परशुराम स्वरूप रामबाबू द्विवेदी मयंक का वैदिक मंत्रोच्चारणों से आरती करके पूजा स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पांच वर्ष की आर्य अग्रवाल द्वारा संस्कृत भाषा के गीत हुए। भागवत के लगभग 101 श्लोक पढ़े गए। अपने उद्‌बोधन में विख्यात परशुराम अभिनेता रामबाबू द्विवेदी मयंक ने सनातन व परशुराम की व्याख्या करते हुए कहा कि हमने सर्व समाज का सदैव कल्याण करते हुए दक्षिण दिशा में सहयाद्रि पर्वत पर रहने वाले कोल भील आदिवासी जनजाति, अनु, दुई, तरसतु, सरयाति आदि जातियों को तत्कालीन राजाओं से मुक्त कराकर सुशयव नागरिक बनाया। असम प्रांत को समतल करते हुए हिमालय के पूर्व शिखा को अपने फरसे से काट काट करके ब्रह्मपुत्र नमक नदी को निर्मित करके लोगों को जल के संकट से मुक्त कराया। गोष्ठी का




संचालन करते हुए हिंदू महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि महापुरुषों देवताओं तथा भगवान को जातियों के भेदभाव से दूर रखना होगा। हम सबको एक सूत्र में बंध कर सनातन व हिंदुत्व का झंडा व अपने देश के गौरव को आगे बढ़ाना है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने फतेहपुर का इतिहास बताते हुए सबका आभार प्रकट किया। इस मौके पर रामगोपाल शुक्ला, रामू शुक्ला, राम अनुज तिवारी, शशिकांत मिश्रा गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, डॉ प्रमोद पांडेय, नवनिर्वाचित बार महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा, सभासद विनय तिवारी, अमित तिवारी ब्लॉक प्रमुख भिटौरा, रिंकू सिंह लोहारी, सत्य भगवान गुप्ता, आशीष मिश्रा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, श्रवण पांडेय पथिक, अमित त्रिवेदी, नीटू मिश्रा, शिक्षक अनुराग मिश्रा, वीरेंद्र मणि त्रिपाठी एडवोकेट, संगीता गुप्ता, बेबी गुप्ता, काजल तिवारी, सुधा सिंह, संध्या शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर हुई गोष्ठी

## - पुलिस कर्मियों को दिए सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को यातायात पुलिस की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव के कुशल पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। गोष्ठी का आयोजन प्रभारी यातायात निरीक्षक केशरी प्रसाद यादव ने किया। यातायात शाखा से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं को खुलकर रखा। पुलिस अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए हर कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और सतर्कता के साथ निभानी होगी। इस दौरान ड्यूटी के समय अनुशासन बनाए रखने, जनता के साथ बेहतर व्यवहार करने तथा सड़क पर नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए ट्रैफिक प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोष्ठी में विशेष रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को और



तेज करने पर जोर दिया गया। साथ ही, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी कहा कि आम जनता के सहयोग के बिना बेहतर यातायात व्यवस्था संभव नहीं है, इसलिए लोगों को भी ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए समय–समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की योजना पर भी चर्चा की गई।

# चोरी के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरतारी एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के अंतर्गत थाना चांदपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना चांदपुर पुलिस ने मुकदमा संख्या 55/2026, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज चोरी के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को सफलतापूर्वक गिरतार कर लिया। गिरतार किए गए अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का काफी मात्रा में माल भी बरामद किया गया है। गिरतार अभियुक्तों ने अपने नाम राकेश उर्फ दनकू पुत्र स्वर्गीय रामलाल व सूरज पुत्र राकेश निवासीगण ग्राम पूरे राहत अली गौरीपुर थाना चांदपुर बताया। गिरतार अभियुक्तों को आज न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 15 लीटर ट्रांसफार्मर का तेल, सात किलोग्राम एल्युमीनियम वायर, 8 किलोग्राम एलटी वायर (एल्युमीनियम), 50 किलोग्राम कोर पत्ती लोहा, चैनल 4 अदद (लंबाई 18 इंच प्रत्येक) बरामद किया है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 कौशलपति, का0 हिमांशु वर्मा शामिल है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने इस सफल कार्यवाही के लिए थाना चांदपुर पुलिस टीम को बधाई दी है और कहा कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की चोरी या अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध तमंचे लेकर युवकों ने किया हमला

## –वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, दोनों पक्षों में भिड़ंत

## – पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी के प्रयास जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सैयदवाड़ा इलाके में शनिवार की देर शाम मामूली बात को लेकर दो गुटों के बीच झड़प हो गई। एक गुट के युवकों ने अवैध तमंचा निकालकर हमला बोल दिया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो



गया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाते ही पुलिस बल मौके में पहुंचा और मामले को शांत कराया। जानकारी के अनुसार, दोनों गुटों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद बढ़ गया और वह मारपीट में बदल गया। एक पक्ष के युवकों ने तमंचा लहराते हुए दूसरी ओर पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बीच–बचाव किया, जिससे स्थिति और बिगड़ने से बच गई। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्ष शांत हुए और हालात पर काबू पा लिया गया। सूचना पाते ही पुलिस बल मौके में पहुंच गया और मामले को गंभीरता से लेते हुए शांत कराया और तमंचा हवा में लहराने वाले युवक शाहित तीन लोगों पर पीड़ित अशरफ अली की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर गिरतारी के लिए दबिश दे रही है। पीड़ित अशरफ अली ने बताया कि आरोपी सद्दू सटोरी, सादमान और नबील के खिलाफ कई संगीन मुकदमे पहले से भी दर्ज है आरोपी कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर बाहर आया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सद्दू सटोरी और सादमान के खिलाफ कोतवाली थाने में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। वे पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रह चुके हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी युवकों की तलाश में छानबीन तेज कर दी है। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि कोई भी अशांति फैलाने की कोशिश न की जाए, वरना सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पीड़ित अशरफ अली ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है।

# सिद्धपीठ श्री बांके बिहारी मंदिर में हुआ जलाभिषेक व पूजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के शांतीनगर स्थित सिद्धपीठ श्री बांके बिहारी मंदिर में रविवार को बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य जलाभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम विधि–विधान के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य जजमान प्रदीप गर्ग एवं सुनीता गर्ग विशेष रूप से केंद्र में रहे। जिनके श्रद्धा, समर्पण और आयोजन में सक्रिय योगदान ने पूरे कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरोवर से पवित्र जल लाकर की गई, जिसे प्रदीप गर्ग एवं सुनीता गर्ग ने पूरे विधि–विधान के साथ भगवान को अर्पित करते हुए जलाभिषेक सम्पन्न कराया। मंदिर परिसर



बांके बिहारी मंदिर में इस दौरान भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हर भक्त प्रभु की भक्ति में लीन नजर आया। अन्य भक्तों में प्रमुख रूप से हरिओम रस्तोगी, मोनू रस्तोगी, सुशील मिश्रा (एडवोकेट), संजीव अग्रवाल, मनीष गुप्ता, मनीष मिश्रा, अभिनव यादव, बबलू गुप्ता, संजीव चौरसिया, अनिल सिंह, गौतम सरोज एवं मौर्य ने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं महिलाओं में सुनीता गर्ग के साथ कविता रस्तोगी, कल्पना सिंह, रीता सिंह, रश्मि अवस्थी एवं खुशी सैनी की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे आयोजन में उत्साह और भक्ति का वातावरण बनाए रखा। इस दौरान वेदियों की स्थापना एवं कलश स्थापना का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। जजमानों द्वारा भगवान कामतानाथ बाबा का विधिवत पूजन–अर्चना कर जलाभिषेक एवं दिव्य स्नान कराया गया। पूरे आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और भक्ति का प्रेरणादायक संदेश भी प्रसारित किया।

# अब जबड़े के सीटी स्कैन के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

## – सांई डेंटल हास्पिटल में सीबी सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अब जबड़े के सीटी स्कैन के लिए दांत रोगियों को गैर जनपद जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि शहर के मुराइनटोला स्थित सांई डेंट हास्पिटल में



सीबी सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन हो गया है। रविवार को सांई डेंटल हास्पिटल में सीबी सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन हेड आफ डिपार्टमेंट ओरल मेडिसिन एण्ड रेडियोलाजिस्ट लखनऊ डा0 सिद्धार्थ सिंह ने फीता काटकर किया। डा0 रविनाथ गुप्ता ने बताया कि अब मरीजों को जबड़े के सीटी स्कैन के लिए कानपुर समेत अन्य जनपदों को नहीं जाना पड़ेगा। मुंह से संबंधित किसी भी जांच के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। डा0 हरीतमा गुप्ता ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन लगने से मरीजों को बहुत सुविधा हो जाएगी। सभी जांच किफायती रेट पर होंगी। इस मौके पर डा0 अंजली सिंह, डा0 अरूण शर्मा के अलावा हास्पिटल का स्टाफ मौजूद रहा।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )